शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 147 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 22 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# कश्मीर से दुनिया को मोदी का 'योग संदेश'





**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित योग दिवस समारोह में हिस्सा लेते हुए दुनिया भर के लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुझे योग और साधना की भूमि कश्मीर में आने का एक सौभाग्य मिला है। योग से हमें जो शक्ति मिलती है श्रीनगर में हम उसे महसूस कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर योग साधना की भूमि है। योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। दुनिया के नेता अब योग पर बात कर रहे हैं। योग टूरिज्म का नया ट्रेंड है। योग के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है और योग करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। इसके साथ ही योग शिक्षकों की माग बढ़ी है। योग से सकारात्मकता बढ़ती है। योग शान्ति, स्वास्थ्य और विकास के लिए भी जरूरी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच मोदी ने वहां उपस्थित लोगों से बातचीत भी की। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे थे। मोदी युवाओं के सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू-कश्मीर को करीब



3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में योगाभ्यास किय। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पीएम मोदी ने वज्रासन से लेकर बलासन, भुजंगासन, शलभासन और उत्तानपादासन तक योग की कई क्रियाएं कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे कश्मीर आने का सौभाग्य मिला है। हमें योग से जो शक्ति मिलती है, मैं श्रीनगर में उसे महसूस कर रहा हूं। मैं देश के सभी लोगों और दुनिया के कोने-कोने में योग करने वालों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा," मैंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के उस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड था। तब से योग दिवस लगातार नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। 2015 में दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 35 हजार लोगों ने एक साथ योग किया।"

## योग ने लोगों की जिंदगी बदली: बाबा रामदेव



**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि योग सदियों से चला आ रहा है और हमेशा रहेगा। मैं भी पिछले 50 सालों से योग का अभ्यास कर रहा हूं। योग ने लोगों की जिंदगी बदल दी है।

**आज पूरा विश्व योग का मुरीद हुआ: सीएम मोहन यादव**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि एक तरह से आज पूरा विश्व योग का मुरीद है।भाजपा नेता शाइना एनसी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने योग को जो महत्व दिया है, उसकी एक झलक आप यहां मुंबई में देख सकते हैं। स्वास्थ्य ही धन है।



## संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: सीएम योगी

**लखनऊ**

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर के भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ यदि हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है।

## विश्व योग दिवस पर नमामि गंगे ने किया गंगा में जलयोग

**वाराणसी**

**विश्व योग दिवस** पर शुक्रवार को गंगा की अविरलता-निर्मलता और घाट किनारे स्वच्छता के संकल्प को साकार करने के लिए नमामि गंगे टीम ने दशाश्वमेध घाट के सामने जलयोग किया। गंगा में जलयोग के दौरान पद्मासन, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार जैसे जल में किए जाने वाले तमाम योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण एवं विश्व कल्याण की कामना की। आम जनता से अपील की गई कि अब समय आ गया है कि हम लोग स्वच्छता को धर्म बनाएं। स्वच्छता को अपना संस्कार बनाएं और इन संस्कारों के जरिए हम स्वयं को पर्यावरण से जोड़ सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि जल के लिए जनाधार का उपयोग करके



जलयोग करने की जरूरत है। जल योग सबसे बड़ा योग होने वाला है। यदि जल नहीं होगा तो न योग होगा, न ध्यान होगा और न ही कोई क्रिया होगी। इसलिए जल को सुरक्षित और संरक्षित रखना नितांत आवश्यक है। आने वाले समय में जो समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, उसके लिए जल शक्ति को बढ़ाने की जरूरत है।

## फ्रांस की 101 साल की महिला योग टीचर का पीएम ने किया जिक्र

**पीएम** मोदी ने कहा कि इसी साल भारत में फ्रांस की 101 साल की महिला योग टीचर को पद्मश्री अवार्ड दिया गया है। वह कभी भारत नहीं आईं, लेकिन उन्होंने योग प्रचार के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है।

**जम्मू-कश्मीर के टूरिज्म को नई ताकत दे रहा योग**

पूरे जम्मू-कश्मीर में योग के प्रति जो आकर्षण बना है, जिस उमंग और उत्साह के साथ लोग योग के साथ जुड़ने के लिए आतुर हैं, ये जम्मू-कश्मीर के टूरिज्म को भी एक नई ताकत देने का अवसर बन गया है।

**योग से आंतरिक ऊर्जा पैदा होती: ओम बिरला**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की



संस्कृति, आध्यात्म और योग पूरे विश्व को जोड़ रहे हैं। योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है। इससे आंतरिक ऊर्जा पैदा होती है। यह हमारे सभी तनावों को भी दूर करता है। इसलिए आज पूरा विश्व योग को स्वीकार करता है।

**दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में योगाभ्यास की अगुवाई की**

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को लोकसभा भवन परिसर में योग अभ्यास की अगुवाई की। योग अभ्यास के पश्चात उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए बिरला ने सभी को योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पूर्ण विश्व भाग्यशाली है कि प्राचीन भारत के ऋषियों-मुनियों ने जन कल्याण के लिए योग का अनमोल उपहार मानवता को प्रदान किया। बिरला ने विश्व योग दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव जीवन के समग्र स्वास्थ्य की नींव है। उन्होंने आगे कहा कि योग मानव जीवन के प्रमुख बिन्दुओं, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

## दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना



**नई दिल्ली**

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचीं हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना है। भारत में लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है। शेख हसीना जहां एक महीने में दूसरी बार भारत की यात्रा कर रही हैं, वहीं अगले महीने वह चीन जाएंगी। चीन जाने के पहले हसीना की एक महीने में दो बार भारत यात्रा ये बताती है कि ढाका भारत को आश्वस्त करना चाहता है कि बीजिंग से बढ़ती नजदीकी उसके हितों के लिए कोई खतरा नहीं है।

**शपथ ग्रहण समारोह में भी हुई थीं शामिल**

हसीना भारत के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात शीर्ष नेताओं में शामिल थीं, जो नौ जून को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख भागीदार और विश्वसनीय पड़ोसी है और प्रधानमंत्री हसीना की यात्रा द्विपक्षीय साझेदारी को बड़ा बढ़ावा देगी।

**शनिवार को पीएम से होगी मुलाकात**

पीएम मोदी और हसीना के बीच शनिवार को वार्ता निर्धारित है, जिस दौरान दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई समझौते होंगे। मोदी के साथ द्विपक्षीय विचार-विमर्श के अलावा हसीना का, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

## तीस जून के बाद क्रेडिट कार्ड पेमेंट में हो सकती है परेशानी

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों की वजह से 30 जून के बाद एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत 26 बैंकों के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को बिल पेमेंट करने में परेशानी आ सकती है। रिजर्व बैंक ने अपने निर्देश में साफ किया है कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के माध्यम से ही




प्रोसेस किए जाएंगे, लेकिन 26 बैंकों ने अभी तक बीबीपीएस को एक्टिवेट नहीं किया है। दरअसल, धोखाधड़ी वाले लेनदेन को ट्रैक करने और उनका सही समय से समाधान निकालने के लिए रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को एक ही प्लेटफॉर्म से प्रोसेस करने का निर्देश दिया है। क्रेडिट कार्ड पेमेंट को प्रोसेस करने के लिए एक ही प्लेटफॉर्म होने से रिजर्व बैंक पेमेंट ट्रेंड्स पर भी नजर रख सकेगा, जिससे क्रेडिट कार्ड के जरिए होने वाले साइबर फ्रॉड के मामलों पर भी अंकुश लग सकेगा। गौरतलब है कि फिलहाल बिल डेस्क, फोन-पे, क्रेड और इंफी बीम एवेन्यू जैसे कुछ प्रमुख प्लेटफार्मों के माध्यम से क्रेडिट कार्ड बिल को प्रोसेस किया जाता है।

## सीएसआईआर-यूजीसी-नेट की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून-2024 को स्थगित कर दिया। यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच आयोजित होने वाली थी। एनटीए की ओर से जारी एक सार्वजनिक सूचना में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह दिनांक 15 जून की सार्वजनिक सूचना के क्रम में है। इसके तहत संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून-2024 के आवेदकों को आवंटित परीक्षा शहर की अग्रिम सूचना तथा परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी सभी उम्मीदवारों को दी गई थी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून-2024, जो 25.06.2024 से 27.06.2024 के बीच आयोजित होने वाली थी, अपरिहार्य परिस्थितियों तथा लॉजिस्टिक मुद्दों के कारण स्थगित की जा रही है।

## सरकार ने अरहर, चना और काबुली चना पर 30 सितंबर तक स्टॉक सीमा किया लागू

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार ने दालों की बढ़**ती कीमतों पर नियंत्रण पाने और जमाखोरी रोकने के लिए संग्रहण की अधिकतम सीमा (स्टॉक लिमिट) तय कर दी है। यह स्टॉक लिमिट तूर, चना और काबुली चना पर भी लागू की गई है। ये आदेश शुक्रवार से लागू हो गया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक प्रभावी रहेगा। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने दालों की बढ़ती कीमतों को रोकने और जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए स्टॉक लिमिट निर्धारित कर दी है। केंद्र का यह निर्णय मिलों के मालिक, दाल के थोक, खुदरा एवं बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं के साथ आयातकों पर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा।



मंत्रालय के मुताबिक फिलहाल इसके दायरे में अरहर दाल, चना एवं काबुली चना को लाया गया है। सरकार के फैसले के मुताबिक थोक विक्रेता अधिकतम 2 सौ टन दाल का संग्रहण कर पाएंगे, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह मात्रा 5 टन होगी। साथ ही बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता अपनी दुकानों पर ज्यादा से ज्यादा पांच टन और डिपो पर 2 सौ टन दाल रख सकते हैं। इसके अलावा मिल मालिकों की संग्रहण की सीमा भी तय की गई है।

वो अब पिछले तीन महीने के दाल उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 25 फीसदी, जो भी ज्यादा हो का स्टॉक कर पाएंगे।

**सीतारमण ने एमएसएमई के साथ आम बजट 2024-25 को लेकर चर्चा की**

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में यहां आयोजित इस बैठक में एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने अगामी आम बजट 2024-25 के संबंध में अपने विचार रखे। वित्त मंत्रलाय ने एक्स पोस्ट पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी आम बजट पेश होने से पहले एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ पांचवां बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आम बजट 2024-25 के संबंध में एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने अपनी मांग रखी। मंत्रालय के मुताबिक अगामी आम बजट 2024-25 को लेकर एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ पांचवें बजट पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग, राजस्व वित्तीय सेवाओं, कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों, एमएसएमई मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।






# क्रियायोग आश्रम के आध्यात्मिक प्रांगण में मनाया गया दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## महावतार बाबा जी वटवृक्ष के आध्यात्मिक आभा मंडल में मौजूद रहे कई देशों के विदेशी साधक

अखंड भारत संदेश

**झूंसी प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर देश ही नहीं विदेश के भी साधक मौजूद रहे , इस उपलक्ष में अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने आए हुए देश और विदेश के साधकों को संबोधित करते हुए क्रियायोग के 42 रिचार्जिंग विधि को बताते हुए अभ्यास कराया । इसके पश्चात क्रियायोग गुरु ने आए हुए साधकों को योग के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए समझाया और बताया कि योग दृष्टि से देखने पर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में छिपा हुआ सद्विचार प्रकट हो जाता है। 'योग दिवस' में दिवस शब्द ज्ञान है, योग दूरी व समय के अभाव की अवस्था है। योग दिवस की अनुभूति में राष्ट्रों के बीच अन्तर (दूरी) समाप्त हो जाती है, फलस्वरूप स्थान अहिंसा की सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान तरंगों से प्रकाशित हो जाता है।सम्पूर्ण मानवजाति का लक्ष्य योग की चिर अनुभूति में रहना है। यह आविष्कार हो चुका है कि योग अवस्था की अनुभूति को प्राप्त करने के लिए दस लाख वर्ष व्याधि रहित समय की आवश्यकता पड़ती है।योगावतार लाहिड़ी महाशय ने सिद्ध किया है कि पचास मिनट क्रियायोग अभ्यास से हम 100 वर्ष का समय प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रकार क्रियायोग अभ्यास से लगभग 28 वर्ष में हम दस लाख वर्ष समय आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।अन्तर्राष्ट्रीय क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम् जी ने विभिन्न प्रमाणों के साथ स्पष्ट किया कि क्रियायोग से सम्यक जुड़ते ही मनुष्य को अनुभव होता है कि वह परब्रह्म की सन्तान है। यह अनुभव होते ही मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।उपरोक्त विचार योगी सत्यम् जी ने 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर क्रियायोग अभ्यास कराते समय स्पष्ट किया।




# उच्च न्यायालय प्रांगण में किया गया योगाभ्यास कार्यक्रम

## न्यायमूर्तिगणों, अधिकारियों एवं विद्वान अधिवक्तागणों के द्वारा किया गया योगाभ्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाये जाने के उद्देश्य एवं व्यक्तिगत कल्याण के साथ और अधिक सकारात्मक व सामंजस्यपूर्ण समाज को बढ़ावा देने की भावना के साथ योग स्वयं एवं समाज के लिये की थीम पर मनाये जा रहे दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग के अवसर पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रांगण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में न्यायमूर्तिगणों, उच्च न्यायालय के अधिकारियों, विधि अधिकारियों एवं विद्वान अधिवक्तागणों के द्वारा पूरे मनोयोग व उत्साह के साथ योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित न्यायमूर्तिगणों व अन्य के द्वारा योगा के विभिन्न आसनों का योगाभ्यास व प्राणायाम क्रियाएं की गयी। योग प्रशिक्षक योगी राजेश ने सर्वप्रथम वार्मअप कराकर योगाभ्यास का प्रारम्भ किया। तत्पश्चात ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटिचालन, पादहस्थासन, अर्द्धचक्रासन, दण्डासन, वज्रासन, वक्रासन, ताणासन, वृक्षासन व अन्य आसनों के साथ कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी आदि प्राणायाम कराया तथा इनके महत्व एवं लाभ के बारे में बताते हुए प्रत्येक आसन की विधि व सावधानी के बारे में भी बताया।

# प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जु भैया) विश्वविद्यालय ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**नैनी।** प्रयागराज-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रोफेसर राजेंद्र सिंह(रज्जु भैया ) विश्व विद्यालय के द्वारा विवि परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर माननीय कुलपति सहित कुलसचिव, वित अधिकारी,परीक्षा नियंत्रक सभी अधिकारी विवि के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, अधिकारीगण और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सामूहिक योग कार्यक्रम विवि परिसर में मनाए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने योग के महत्वपूर्ण तथ्यों को बताया और नियमित योगाभ्यास करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उत्कर्ष उपाध्याय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को इस बार योग का विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' के बारे में बोलते हुए योग से स्वयं की पहचान कर समाज में एकरुपता और समानता बनाये जाने पर जोर दिया। योगाभ्यास प्रशिक्षित योगा चार्यो के द्वारा कराया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन : वही विश्वविद्यालय मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्ण भाग लेकर रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में सफलतापूर्वक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा.अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान कर आप किसी के जीवन को बचा सकते है। रक्तदान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने छात्रों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। ताकि वह जरूरतमंदों की मदद कर सके। कार्यक्रम के संयोजन डॉ. उत्कर्ष उपाध्याय ने किया।

# जनपद में पूरे उत्साह के साथ दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन

## उपमुख्यमंत्री ने भारत स्काउट एण्ड गाईड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद में पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन ःभारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 8 हजार लोगों ने संयुक्त रुप से योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्री प्रवीण कुमार पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी जी, अपर पुलिस आयुक्त एन. कोलांची, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रयाद मौर्य ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहावत है कि ःपहला सुख-निरोगी कायाः। आज देश के लगभग सभी राज्यों के सभी जिलों, सभी तहसीलों, सभी ब्लाकों तथा ग्रामों के साथ-साथ विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्प ले। उपमुख्यमंत्री जी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को बीमारियों व महामारियों से बचने के लिये योग को नियमित रुप से अपनाने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद में वर्ष 2025 में महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रयागवासी आगामी कुम्भ में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहे। उपमुख्यमंत्री जी ने विशाल एवं ऐतिहासिक योग कार्यक्रम के आयोजन के लिये पूरे जिला प्रशासन एवं सहयोगी विभाग व प्रयागवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया प्रतिभाग करने के लिये दूर-दूर से आने वाले प्रतिभागी सुबह 4 बजे से ही एकत्र होने लगे थे तथा 5:30 होते होते लगभग पूरा परिसर योगाभ्यासियों से भर गया। आयोजकों की ओर से लगभग 8 हजार लोगों के योगाभ्यास के लिये प्रबन्ध किया गया था। लेकिन आगन्तुक उससे कहीं अधिक थे। यह योगाभ्यास कार्यक्रम प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले विश्व योग दिवस के साथ ही योग स्वयं एवं समाज के लिये थीम को समाहित किये हुए था।

दिनांक 15 जून से संचालित योग सप्ताह के समापन के पश्चात बृहद रुप में योगाभ्यास का आयोजन किया गया था। सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कन्नौजिया जी ने तैयार की थी जिसका क्रियान्वयन मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल जी के कुशल मार्गदर्शन में डा0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रयागराज की गरिमा के अनुरुप व्यापक और ऐतिहासिक रहा। पूरा क्षेत्र 4 जोन एवं 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया था जिसमें 8 हजार से अधिक पंक्तिबद्ध योगाभ्यासी खड़े थे। योगाचार्य धर्मेन्द्र मिश्र ने भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास कराया, जिसमें 32 विभिन्न प्रकार के योगासन थे, प्रत्येक सेक्टर में दो-दो मास्टर टेन्नर की भी तैनाती की गई थी। योगाभ्यास के पश्चात सहयोगी संस्थाओं, विभागों एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

डा0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अवगत कराया कि आयुष विभाग के चिकित्सालयों में योगाभ्यास के माध्यम से बीमारियों के इलाज के लिये कुशल योग प्रशिक्षक नियुक्त हैं जहां से जन सामान्य अपनी स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बन्धित उपचार प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाईंट लोगों के आकर्षण का केन्द्र था, जहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी थी। डा0 संजीव वर्मा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन, कमलेश कुमार द्विवेदी, भारत स्काउट एण्ड गाईड, राकेश तिवारी सिविल डिफेंस तथा संजय जैन का सहायोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस एवं सिविल डिफेंस के स्वयं सेवकों का योगदान सराहनीय रहा। अन्त में जिला अधिकारी महोदय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जनपद के सभी अधिकारियों को बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा मनाया गया योग दिवस



**प्रयागराज।** शुक्रवार को जिला गंगा समिति प्रयागराज के अंतर्गत में स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सचिव जिला गंगा समिति अरविंद कुमार यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया 'कार्यक्रम मिंटो पार्क में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि प्रभागीय निदेशक चांदनी सिंह , जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, ,रेंज ऑफिसर विभूति नारायण,योगाचार्य इन्द्रभान हिमालया ,(राज्य कार्यालय प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास उत्तर प्रदेश पूर्व), शशी आर्य (महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्व),अनुराग मिश्रा (कीडगंज मंडल अध्यक्ष भाजपा), शीला वर्मा, राधा निषाद, रीना साहू (योग शिक्षक) मौजूद रहे योगाभ्यास आसनों में ताड़सन ,अनूलोमविलोम, उस्ट्रासन,वजरासन, मकारासन, भ्रमरी, आदि योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया कअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से "महिला सशक्तिकरण के साथ योग" थीम पर जोर दिया गया ' कार्यक्रम में वन विभाग ,नेहरू युवा केंद्र स्वयं सेवक, भारतीय वन्य जीव संस्थान के गंगा पहरी,पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बारा पॉवर प्लांट में धूमधाम से मना योग दिवस



**बारा।** पीपीजीसीएल बारा पॉवर प्लांट परिसर में दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रमिकों, एम्प्लॉयज एवं उनके परिवार द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख द्वारा योग की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम में कहा गया कि योग क्रिया को अपने दिनचर्या में शामिल करें, जिससे निरोगी काया के साथ स्वस्थ समाज की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर सबने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता दिखाई।इस दौरान प्लांट के दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### नैनी आनंद मार्ग स्कूल में इंटरनेशनल योग डे मनाया गया



**नैनी।** नैनी आनंद मार्ग स्कूल की प्रधानाचार्य आनंद प्रतिष्ठा ने योग दिवस के अवसर पर क्रिकेट ग्राउंड में और अनंत श्री विभूषित गायत्री त्रिवेणी प्रयागराज पीठाधीश्वर में जाकर बच्चो को योगा मेडिटेसन कौशिकी नृत्य सिखाया। इस अवसर पर दीदी आनंद प्रतिष्ठा ने योग से अपने जीवन शैली को कैसे बदले , सुखमय और शांति पूर्ण किस प्रकार जीवन हो इसके संबंध मे बताया गया।

### योग से रोगों का समूल नष्ट किया जा सकता है : डॉ रमेश चंद्रा




**नैनी।** नैनी हम जिस प्रकार से वस्त्रों की धुलाई करके उसके मैल को साफ करते हैं और अपने शरीर पर धारण करते हैं तभी वह वस्त्र समाज में हमें सम्मान दिलाते हैं। ठीक उसी प्रकार ठीक से किए गए प्राणायाम से शरीर का आंतरिक व बाहरी भाग पवित्र व रोग मुक्त होकर समाज में हमें सम्मान दिलाता है। योग ही हमारे जीवन का आधार है। उक्त बातें नगर के नैनी महेवा स्थित सैम हिगिंसबॉटम कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट मैं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रशिक्षण ले रहे सभी शिक्षकों को आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ रमेश चंद्रा जी ने कही। वहीं पर प्रो डॉ संतोष कुमार एवं सरिता पटेल जी ने योग प्रशिक्षकों को योग करने में सहायता प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने अपने परिवार सहित रोज योग प्राणायाम करने की सलाह दी। जिससे पूरा परिवार स्वस्थ रहकर पूरे समाज की भी को भी स्वस्थ रख सकेंगे। उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ। और आज के कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर दीपक कुमार बॉस, दिलीप सर सत्यम कुमार केसरी सर एवं ज्योत्सना मैम को इतना सुंदर आयोजन करने के लिए बहुत बधाई दी। कार्यक्रम के पश्चात सभी योग प्रशिक्षकों को योग दिवस का सर्टिफिकेट दिया गया और सात्विक अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। सभी प्रशिक्षक बहुत ही उत्साहित थे और सभी ने इसका भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर बबीता जायसवाल, हिरा बोस डॉ सत्येंद्र सिंह, डॉ अंकुर, सत्यम केसरी, आर एन शुक्ला, प्रशांत, प्रदीप, अजय, आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने अपहरण कर्ता अभियुक्त को किया गिरफतार

**कोरांव।** थाना कोरावां राकेश कुमार भारती के निर्देशन में क्राइम नंबर 150 धारा 363,366,506 आइपी सी का नामजद अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी बड़ोखरा कोरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक उक्त मुलजिम पर पूर्व में भी आपराधिक मुकद्दमे दर्ज हैं।

### दावत बांटने गया व्यक्ति खंभे से टकराया मौत महिला घायल

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव निवासी राम भरोसे उम्र 45 वर्ष अपने साले की लड़की के शादी का कार्ड बांटने अपनी विधवा सलहज सुमेरिया देवी पत्नी स्व बाबूलाल को लेकर बाइक से जा रहा था 9 जुलाई को शादी कार्यक्रम आयोजित था कोखराज कोतवाली क्षेत्र के खोराव गांव के पास बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित हो कर खंभे से टकरा गई जिससे बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन राम भरोसे की मौत हो गई है महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है मौके पर पहुंची पुलिस में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सूचना पाकर दोनों परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं

### साइकिल सवार बालक को पिकअप ने मारी टक्कर मौत

**कौशांबी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के भोला चौराहा मौनी बाबा की कुटी के पास साइकिल सवार एक बालक को तेज गति पिकअप ने टक्कर मार दिया है जिससे साइकिल सवार बालक की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर घटना स्थल पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए हैं मृतक बालक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### दर्शन कर लौट रहे दम्पति को बोलेरो ने मारी टक्कर, पत्नी गंभीर

**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत ननसैनी गांव के पास कड़ा धाम से दर्शन करके अपनी दोपहिया वाहन से लौट रहे दम्पति को अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को नजदीकी सरकारी अस्पताल कड़ा मे भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार फूलपुर प्रयागराज के रहने वाले शिव कैलाश अपनी पत्नी दुर्गा देवी के साथ घर से कड़ा धाम दर्शन करने आए थे। दर्शन करके दंपत्ति वापस लौट रहे थे कि ननसैनी गांव के पास अज्ञात बोलेरो ने उनकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग सड़क पर गिर गए हादसे में दोनों लोग गंभीर घायल हो गए हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और घर वालों को सूचना दे दी गयी है

# ..फ्लूट लगे स्टांप पर बैनामा न करने पर मचा बवाल

## ..दोपहर में निबंधक कार्यालय बंद कर कर्मचारी नदारत



**सोरांव।** शुक्रवार को सोराव तहसील स्थित निबंधक कार्यालय में एक जमीन की रजिस्ट्री को लेकर बवाल मचा रहा। जिसको लेकर दोपहर में ही निबंधन कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्यालय में ताला लगा कर चले गए। जानकारी के अनुसार मौजा ब्रिसिंह पुर ऊर्फ रामगढ़ की एक आराजी का बैनामा होना था। जिसका विक्रय विलेख( डीड ) भी अधिवक्ता द्वारा तैयार कर दिया गया। जिसमें क्रेता और विक्रेता संतोष कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी ब्रिसिंहपुर उर्फ रामगढ़ तथा सुष्मिता पत्नी इंद्रपाल यादव निवासी मंसूराबाद सम्हई रहे। अधिवक्ता ने निबंधक कार्यालय में तैनात लिपिक इंद्रमणि तिवारी व सियाराम मिश्रा को चेक करने के लिए दिया तो आरोप है कि स्टांप में सिग्नेचर के नीचे फ्लूट(सफेदा) लगा हुआ था जिसको लेकर इंद्रमणि तिवारी ने बैनामा करने से मना करने लगे। जिसको लेकर अधिवक्ता अपना बैनामा लेकर चेंबर में आया। कुछ देर बाद कार्यालय में तैनात लिपिक को फोन के माध्यम से अधिवक्ता द्वारा चेंबर में बुलाया गया आरोप है कि लिपिक के साथ हाथापाई की गई। जिसको लेकर दोपहर में ही उपनिबंधक कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्यालय बंद कर दिए। इसको लेकर कार्यकारणी की एक आकस्मिक बैठक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। जिसमे मौजूद अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी प्रयागराज संग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर करने का निर्णय किए। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रेम बहादुर सिंह, महामंत्री रमेश नारायण मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रदीप केशरवानी संग दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। ... उप निबंधक सोरांव ने बताया कि बैनामे के स्टांप पर दो स्थानों पर फ्लूट(सफेदा) लगा हुआ था। जिसको लेकर बैनामा नहीं किया गया। तब बार में तैनात लिपिक इंद्रमणि तिवारी को अधिवक्ता ने अपने चेंबर में बुलाकर लिपिक के साथ हाथापाई एवम् बदसलूकी की गई।... वही बार एसोसिएशन सोराव के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि बार लिपिक के साथ कोई भी दुर्व्यहार नही किया गया है। सिर्फ बैनामा वापस करने को लेकर चेंबर में बुलाकर पूछा गया। और वह जबरदस्ती मारपीट का आरोप लगा रहा है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत खुरमा, वि. ख. माण्डा प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2024-25 **निविदा सूचना** दिनांक : 20.06.2024

ग्राम पंचायत **खुरमा** वि0 ख0 माण्डा, प्रयागराज में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा के क्रय आर. सी. सेन्टर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री सीमेन्ट, मोरंग, बालू, सरिया, ईंट, गिट्टी आदि की आपूर्ति का कार्य एस.एल.डब्ल्यू.एम.। 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त/मनरेगा, विद्यालय कायाकल्प, हैण्डपम्प मरम्मत/रीबोर, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय कार्य का होना प्रस्तावित है। निविदा दिनांक 21.06.2024 से 26.06.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत खुरमा में 3:30 बजे तक जमा की जा सकती है। तथा दिनांक 27.06.2024 को अपरान्ह 2 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में गठित समिति के समक्षा खोली जायेगी। निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार गठित समिति का होगा। प्राक्कलन के अनुसार सामग्री घर बढ़ सकती है। निविदा दाताओं की जी.एस.टी. पैन फार्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर देना होगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश |
|---|---|---|
| 1. | कमला के घर से सी.सी. रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख |
| 2. | रामदास के घर से तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.00 लाख |
| 3. | सुरेश के घर से काली रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख |
| 4. | मोती लाल के घर से इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.00 लाख |
| 5. | अनिल कुमार के घर से काली रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.90 लाख |
| 6. | श्याम बहादुर के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 2.00 लाख |
| 7. | दूधनाथ के घर से इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.50 लाख |
| 8. | राम पती के कूप का जगत निर्माण कार्य | 1.50 लाख |
| 9. | लाल चन्द्र के घर से इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.00 लाख |

समर बहादुर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खुरमा
वि0 ख0 माण्डा प्रयागराज

चन्द्रशेखर सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खुरमा
वि0 ख0 माण्डा प्रयागराज

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले में रही धूम

## पुलिस लाइन में डीएम, एसपी, विधायक, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया योगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले में आज योगा की धूम रही। जगह-जगह योगा के कार्यक्रम आयोजित किये गये लेकिन मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित हुआ जहां जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, व्यापार मण्डल, एनसीसी कैडेट, शिक्षा विभाग के अलावा बड़ी संख्या में लोग योगा में भाग लिये। इस दौरान अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार, शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं पश्चिमी संजय राय, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया उन्होंने कहा कि योगा करने से शरीर फिट रहती है और बीमारियां दूर भागती हैं जिससे आप निरोग रहें और मानसिक रूप से फिट रहे इसीलिए योग रोज सुबह उठकर करें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में योग शिविर का आयोजित किया गया।



पुलिस लाइन में योगा करते डीएम-एसपी, विधायक व अन्य।

जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस के अधिकारीयों एवं आम जनमानस के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से निरोग फिट रहने के हेतु योग अभ्यास किया। इस दौरान योग शिविर में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा एवं सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, व्यापार मण्डल के व्यापारियों में अभय खण्डेलवाल, सरदार महेन्द्र सिंह, सुरेश चंद्र केसरवानी, नारायण खण्डेलवाल, श्याम शंकर सिंह, सरदार कुलविन्दर सिंह, सुनील जायसवाल, शकील अख्तर, अभिषेक केसरवानी, पवन, राहुल गुप्ता, दीपक केसरवानी, सरदार बसिन्दर सिंह, गोपाल जायसवाल, अमित केसरवानी, बबलू केसरवानी, स्वाप्निल जायसवाल, प्रतीक खण्डेलवाल, आशीष सिंह, सुधीर केसरवानी, विनय जायसवाल, महिला वर्ग में छमा केसरवानी, मीनू खण्डेलवाल, नीतू जायसवाल, सीमा केसरवानी, सताक्षी गुप्ता आदि ने भाग लिया। इसके अलावा जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस, प्रधानाचार्य लोकमान्य तिलक इंटर कालेज प्रतापगढ़ पीके तिवारी, अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड ओपी चैरसिया,प्रधानाचार्य एके आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ आजाद अहमद, प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कालेज प्रतापगढ़ अवधेश विश्वकर्मा, प्रधानाचार्या जीजीआईसी प्रतापगढ़ गीता यादव, एआरपी धर्मेंद्र ओझा, एनसीसी के राकेश तिवारी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने भी योगा में प्रतिभाग किया।

## योग से होता है शारीरिक व मानसिक विकासः अंशुमान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भगवती पैलेस अचलपुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में योग किया गया, जिसमे अंशुमान सिंह ने योग दिवस के बारे मे बताया कि हर साल 21 जून को मनाया जाता है, जो ग्रीष्म संक्रांति का भी दिन है, इसे साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है। योग दिवस का उद्देश्यरू इस दिन का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर जिला महामंत्री सुजीत पाण्डेय, नितीश श्रीवास्तव, ऋषि उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, प्रियांशु शुक्ला, सत्येंद्र दुबे, आकाश पटेल, सुभाष मौर्य, रमा शंकर, रवि, गोपी आदि युवा साथी मौजूद रहे।



अचलपुर में योगा करते भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह।

## एमडीपीजी कालेज में शिक्षकों व कर्मचारियों ने किया योगा

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एमडीपीजी कॉलेज में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स-रेंजर्स के स्वयंसेवकों ने योग किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने योग के महत्व को समझाया और कहा कि नियमित योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु सभी प्रकार के मनोविकार भी दूर होते हैं। कार्यक्रम में प्रो राधाकृष्ण दुबे, प्रो पीयूष कांत शर्मा, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ रेखा मिश्रा, डॉ रंजीत पटेल, अमित वत्स, अतुल कुमार पांडे, रामकृष्ण तिवारी, उमेश मिश्र, विजय पांडे आदि ने योग किया और उसके महत्व को समझा।

## डिग्री कालेज कालाकाँकर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकाँकर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को बड़े ही उत्साह के साथ कालेज के शिक्षकों व छात्रों ने मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी के छात्र छात्राओं द्वारा योगाभ्यास किया गया। विशिष्ट आगन्तुकों मे विकास खण्ड कालाकांकर के खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व प्रभारी एडीओ पंचायत सुशील कुमार जायसवाल के साथ अन्य कर्मचारी बन्धुओं ने भी योग प्रशिक्षक संजू सिंह के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसी क्रम मे कालाकांकर गंगातट किनारे ठाकुर द्वारे मंदिर परिसर मे कालाकांकर ग्राम प्रधान कुंवर मनीष कुमार सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ योगाभ्यास किया और लोगो से प्रतिदिन एक घंटे योगा करने के लिए प्रेरित किया। मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर मे प्रधानाचार्य वकील अहमद ने अपने स्टॉफ व बच्चो के साथ योगाभ्यास किया।



मदन मोहन पीजी कालेज में योगा करते प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव

# दो डॉक्टरों के सहारे चल रही है सीएचसी लालगंज

## मरीजों के बेड पर चादर भी नही नसीब, असुविधाओं के बीच दिन काट रहे है रोगी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकार के लाख प्रयास के बाद भी लोग अच्छी चिकित्सीय व्यवस्था से वंचित हो रहे है। लापरवाही का आलम यह है कि ट्रामा सेंटर से लेकर महिला वार्ड तक महज दो चिकित्सकों को ओपीडी कक्ष में देखा गया। फिलहाल अधीक्षक ने पांच डॉक्टरों की उपस्थिति का दावा किया, जब खाली और बंद पड़े कक्ष की फोटो उनके पास भेजी गई तो एक को मीटिंग में व एक डॉक्टर को ऑफिशियल सीएल पर होने की बात कही।स्थानीय ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की लापरवाही हद पार करती हुई दिखाई दे रही है। शुक्रवार को अस्पताल पहुंच कर संवाददाता की टीम ने यहां की हकीकत देखी दो दंग रह गई। अस्पताल में एक डॉक्टर को ट्रामा सेंटर के ओपीडी कक्ष में देखा गया तो वही एक को महिला वार्ड में मरीज देखते हुए देखा गया। ट्रामा सेंटर में दाखिल मरीजों के बेड पर अस्पताल प्रशासन ने चादर भी डालना मुनासिब नहीं समझा। दो चिकित्सकों द्वारा पूरी व्यवस्था का संचालन कैसे किया जाता है इसको जिम्मेदार ही जानें। वहीं सीएचसी अधीक्षक ने पांच चिकित्सकों की मौजूदगी का दावा किया,लेकिन बंद ओपीडी कक्ष व खाली कुर्सी की फोटो भेजी गई तो एक चिकित्सक को जिला मुख्यालय की मीटिंग में तो वहीं दूसरे चिकित्सक को ऑफिशियल सीएल पर होने की बात कही। फिलहाल अस्पताल की मनमानी आए दिन उजागर होती रहती,लेकिन अधीक्षक इस पर पर्दा डालते रहते हैं।



ट्रामा सेंटर के ओपीडी में खाली पड़ी कुर्सी।

## रानीगंज कैथौला में अभी नही आए डॉक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला पीएचसी में भी मनमानी कम नहीं है। डॉक्टर कभी आते नहीं आए भी तो ओपीडी कक्ष में ही सो जाते हैं। डा0 पीएस की सोते हुए की फोटो भी पूर्व में वायरल हो चुकी है। शुक्रवार को फोन पर एलटी से डॉक्टर के आने की बात की गई तो पहले बताए की रानीगंज में डॉक्टर अभी नही आए है, लालगंज में बैठे होंगे, लेकिन बाद में कहने लगे की सभी लोग मौजूद है।

## अस्पताल जा रहे दंपति को तमंचा सटाकर लूटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के वनपुरवा नहर के निकट अस्पताल से रेफर कराकर पत्नी को सुल्तानपुर ले जा रहे युवक की बाइक रोककर तीन बाइक पर सवार पांच लोगों ने तमंचा सटाकर रुपए के साथ उसकी सोने के चैन,कंगन छीन लिया। मौके से सभी आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। इस मामले में तहरीर पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ थाना क्षेत्र के कुबेर साह पट्टी गांव निवासी विकास सिंह की पत्नी को डिलीवरी है। वह शाम लगभग 4 बजे पत्नी को सीएचसी पट्टी से छुट्टी कराकर सुल्तानपुर भर्ती करने के लिए कार से ले जा रहा था। जैसे ही वह वहां से पट्टी चांदा मार्ग के वनपुरवा नहर पर पहुंचे की तीन बाइक पर सवार पांच लोग वहां आ धमके। उनकी गाड़ी को रोक लिया। जेब में रखा 50 हजार रुपए, सोने की चेन तमंचा सटाकर छीन लिया। वह कुछ बोल पाते धमकी देकर आरोपित वहां से भाग निकले। इस मामले में जब सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस कर्मी मौके के लिए रवाना हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। इस मामले में पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मारपीट हुई है। छिनैती की घटना सत्य नही है।

## महिला थाने के नवीनीकृत भवन का एसपी ने किया उद्घाटन



नवीनीकृत भवन का उद्घाटन करते एसपी सतपाल अंतिल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह/अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक, एसओ महिला थाना एवं अन्य अधि0/कर्मियों के साथ महिला थाना के नवीनीकृत भवन का जीर्णोद्धार किया गया एवं थाने के कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान एसपी ने कहा कि इसमें आने वाली महिलाओं को न्याय मिलेगा और उन्हें पूरी सहूलियत दी जाएगी।

## रामगंज रेलवे क्रॉसिंग के समीप मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रामगंज बाजार रेलवे क्रॉसिंग के समीप गुरुवार की शाम लगभग 4.30 बजे एक युवक का क्षत विक्षत शव मिला। लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। जीआरपी पुलिस के साथ सुल्तानपुर जनपद के चांदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक की तलाशी ली तो उसकी पहचान आसपुर देवसरा क्षेत्र के ही दफरा निवासी मुन्ना गुप्ता 42 वर्ष पुत्र श्री राम गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना घर वालों को दी। घर वालों को के पहुंचने के बाद चांदा थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दफरा निवासी मुन्ना गुप्ता (42) की पहली पत्नी का देहांत 15 वर्ष पूर्व हो गया था। पहली पत्नी से एक पुत्री थी, जिसकी शादी कर चुका था। दूसरी शादी पहली पत्नी के देहांत के लगभग तीन वर्ष बाद हुई। जिससे अब तक कोई औलाद नहीं है। मुन्ना रोजी-रोटी के सिलसिले में पूना में रहता था। अभी दो दिन पूर्व ही वह पूना से घर आया था। गुरुवार को वह अचानक रामगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास कैसे पहुंच गया। उसकी दुर्घटना किस गाड़ी से हुई यह कोई नहीं बता पा रहा है। आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष संतोष सिंह का कहना है कि घटना के संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है।

## बाघराय माईनर में पानी नहीं आने से किसानों में मचा हाहाकार

### जून का महीना बीतने के कगार पर आखिर कब आएगा इस नहर मे पानी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** नहर में पानी नहीं आने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है, धान की नर्सरी डालने के लिए उन्हें नलकूप और ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ रहा है, नहर के सहारे जो लोग नलकूप और ट्यूबवेल से धान की नर्सरी डाली है वह भी सूखने के कगार पर है।

बिहार ब्लाक के बाघराय, बारौ, मलावा, उमरा पट्टी, फूलपुर रामा, जलालपुर, दनियापुर, कमासिन, चकवड, पुरे सुखदेव, लेहरा, आदि के किसान नहर में पानी आने की राह देख रहे हैं। लेकिन सिंचाई विभाग का ध्यान इस नहर में पानी छोड़ने को नहीं हुआ है। जो किसान नहर के सहारे धान की नर्सरी डालते हैं वह आज भी पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। भीषण गर्मी मे हर हर जगह त्राहि मची है, इलाके मे पशु पक्षी जीव जंतु भी नहर में पानी न आने से बेहाल हैं। जानवर पानी की तलाश मे बस्तियों मे जाने को मजबूर हो रहे हैं। इस नहर में पानी की किल्लत हमेशा से रहती थी, कुछ सालों में समय-समय पर पानी आने लगा था, हीरागंज से निकली छोटी नहर महाराजपुर बाघराय होते हुए कमासिन से लेहरा तक जाती है। इस नहर में इस समय धूल उड़ रही है नहर में पानी न आने से धान की नर्सरी भी सूख रही है।

# स्पेस लैब की मदद से बच्चे बन सकेंगे वैज्ञानिकः जिलाधिकारी

## सुखपालनगर बीआरसी पर विज्ञानिका स्पेस लैब का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीआरसी सुखपाल नगर में सर सी.वी.रमन विज्ञानिका स्पेस लैब का लोकार्पण सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आशीष श्रीवास्तव, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा ने फीता काटकर किया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह के महत्वाकांक्षी योजना का यह लैब परिणाम है।

बीआरसी सुखपाल नगर सदर प्रतापगढ़ में क्षेत्र पंचायत निधि से स्पेस लैब की स्थापना की गई, जो की मंडल में पहली लैब है उत्तर प्रदेश में चैथी लैब है। छह वैज्ञानिक बिंदुओं के आधार पर इस लैब की स्थापना की गई है जिसमें अंतरिक्ष विज्ञान जिसमें बच्चों को रॉकेट, सैटेलाइट, टेलिस्कोप, ड्रोन और एविएशन के बारे में हवाई जहाज कैसे उड़ते हैं ड्रोन कैसे बनाया जा सकता है उनके एप्लीकेशन के बारे में, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन में विभिन्न प्रकार के रोबोट, साइंस लैब जिसमे किताबें रखी गई है, फिजिक्स केमिस्ट्री मैथ के प्रोजेक्ट रखे गए हैं जिससे बच्चे सीखेंगे और अपनी जिज्ञासाओं को शांत करेंगे आदि बिन्दु है। जिला अधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि बच्चे अब इस स्पेस लैब की मदद से वैज्ञानिक बन सकेंगे और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि अभी तक प्रतापगढ़ में इस तरह की कोई लैब नहीं थी यह हमारे जनपद का गौरव का विषय है हमारे जनपद युवा अधिकारियों के सोच से स्पेस लैब की स्थापना हुई। कार्यक्रम का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर की छात्रा अनुप्रिया पटेल कक्षा-8 ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी अमित दुबे, बंशीधर पांडे, जंगीलाल, सुशील त्रिपाठी, रवि शंकर उपाध्याय डीसी प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह डीसी निर्माण प्रदीप यादव एसआरजी आशुतोष, चंद्रजीत एआरपी धर्मेंद्र ओझा, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।


# व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर संघः अनिल

## 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 98 वर्ष की यात्रा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर निरन्तर अग्रसर है। संघ का स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता समाज जीवन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में न केवल भाव जागरण कर रहा है अपितु विभिन्न क्षेत्रों में समाज को नेतृत्व भी प्रदान कर रहा है। उक्त विचार मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने व्यक्त किया। वे गुरुवार को सड़वा दुबान स्थित बाबू संत बख्श सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रान्त के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 98 वर्ष की यात्रा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर निरन्तर अग्रसर है। इस यात्रा को जीवन्त बनाने के लिए स्वयंसेवकों तथा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के विभिन्न स्थानों पर चलता है, जिसमें प्रतिवर्ष लगभग एक लाख तीस हजार स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। सरकार पर हमारी निर्भरता न्यूनतम होनी चाहिए क्योंकि वर्तमान लोकतंत्र में प्रत्येक सरकारों के कार्य निष्पादन की अपनी सीमितता होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार मंजीत सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा राष्ट्र निर्माण में इसके किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्ति का अस्तित्व राष्ट्र से ही सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। शिक्षार्थियों द्वारा पूर्ण गणवेश में भगवा ध्वज की परिक्रमा करके मान वन्दना किया गया। तत्पश्चात दण्ड, नियुद्ध, पदविन्यास, सामूहिक समता, व्यायाम योग, आसन इत्यादि शारीरिक प्रधान कार्यक्रम हुए। पूर्ण गणवेश में घोष वादन कर रहे स्वयंसेवक आकर्षण का केन्द्र रहे। मंचस्थ अधिकारियों का परिचय वर्ग के सर्वाधिकारी डॉ.अविनाश पाथर्डीकर ने कराया। संघ शिक्षा वर्ग के वर्ग कार्यवाह संजीव जी द्वारा वर्ग प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि काशी प्रांत के 27 जिलों से 313 शिक्षार्थी आए। सभी ने अपना शुल्क, मार्ग व्यय एवं गणवेश स्वयं अपने खर्च से पूरा किया। सामाजिक सहभाग एवं समरसता की दृष्टि से प्रतिदिन 2 गांवों के अलग अलग 220 परिवारों से रोटी का सहयोग प्राप्त किया गया। परिसर में स्वच्छता, चिकित्सालय, आकस्मिक एंबुलेंस आदि की भी उत्तम व्यवस्था की गई। आभार ज्ञापन वर्ग के सर्वव्यवस्था प्रमुख एवं प्रतापगढ़ विभाग कार्यवाह हरीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मुख्य शिक्षक नितेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र, प्रान्त प्रचारक रमेश, प्रान्त प्रचारक प्रमुख रामचन्द्र, प्रान्त कार्यवाह मुरली पाल, बाबू सन्त बख्श सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के निदेशक डॉ.राकेश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रेम लता सिंह आदि उपस्थित रहे।



संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षण में भाग लेते आरएसएस कार्यकर्ता।

## अर्जुन सिंह बने नगर कोतवाल

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने नगर कोतवाली की कमान इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह को दी है। इनको नगर कोतवाल बनाया गया है। बता दें कि पूर्व कोतवाल चोरी की घटना पर खुलासा न कर पाने पर लाइन हाजिर हुए थे। एसपी सतपाल अंतिल ने अर्जुन सिंह पर कोतवाली का चार्ज देकर विश्वास जताए हैं। कोतवाली का चार्ज मिलने के बाद अर्जुन सिंह को बड़ी चुनौती है।

## हवन-पूजन में भगवान द्वारिकाधीश की उतारी गयी आरती

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के ढ़िगवस गांव में श्रीमदभागवत कथा को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर भगवान द्वारिकाधीश की पूजा की। श्रद्धालुओं ने ठाकुर बिहारी की आरती उतारते हुए मनमोहक मंगलगान से भी माहौल को भक्तिमय बना दिया। कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी महराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रद्धालुओं ने हवन कर जनकल्याण की कामना की। इस मौके पर रामप्रताप पाण्डेय, निर्मला पाण्डेय, शीतला प्रसाद पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय, रामकुमार पाण्डेय, हरीश मिश्र, प्रभाशंकर शुक्ल, मोनू पाण्डेय आदि रहे।

## संपादक की कलम से

# पेपर लीक की अगली कड़ी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना 2017 में की गई थी, जिसके ऊपर उच्च शिक्षा और विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं को आयोजित कराने की महती जिम्मेदारी है। देश में जिस तरह एक के बाद एक परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक के अपराध हो रहे हैं, उसके बाद एनटीए को ही परीक्षा की कसौटी से गुजरने की जरूरत है कि आखिर इस एजेंसी की उपयोगिता है भी या नहीं। देश भर में अभी नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी का मामला सुलझा नहीं है कि अब यूजीसी नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गई है। क्योंकि इसमें भी धांधली की आशंकाएं हुई हैं। गौरतलब है कि 18 जून मंगलवार को देश भर में दो शिफ्टों में यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने अब इस परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक परीक्षा के अगले ही दिन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से परीक्षा के बारे में कुछ इनपुट मिले, जिनके विश्लेषण से प्रथम दृष्टया लगता है कि इसमें गड़बड़ी हुई है। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि इस गड़बड़ी की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। कितने खेद की बात है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनाने के दावे सरकार करती रही, जहां ज्ञान की परंपरा की शेखी बघारने से सत्ताधीशों को फुर्सत नहीं मिलती। वहां अब स्थिति ऐसी हो गई है कि परीक्षा में धांधली की जांच सीबीआई को करनी पड़ रही है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो के बारे में यही आम धारणा है कि अपराध गंभीर किस्म का हो, तब सीबीआई उसकी जांच करता है। यानी यूजीसी नेट की परीक्षा में अवश्य कोई इतना गंभीर खेल खेला गया होगा, या बड़े शक्तिशाली लोगों का इसमें हाथ रहा होगा, तभी इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई है। देश भर के विश्वविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के चयन के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा करवाई जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इसमें बैठते हैं। इस बार भी 9 लाख 8 हजार 580 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। लेकिन अब इन लाखों बच्चों के सामने फिर अगली बारी का इंतजार खड़ा कर दिया गया है। इनमें से न जाने कितने छात्र-छात्राएं कठिन हालात में उच्च शिक्षा हासिल करने आए होंगे, कितनों को जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत होगी, ताकि वे घर वालों के लिए बोझ न बनें। रद्द हुई परीक्षा दोबारा कब होगी, और इस बार जिन कारणों से परीक्षा को खारिज करवाया गया, क्या वे कारण अगली बार मौजूद नहीं रहेंगे, क्या जो गड़बड़ी अभी पकड़ ली गई, क्या अगली बार उसे दोहराया नहीं जाएगा या कोई और धांधली नहीं होगी, क्या ऐसी पुख्ता व्यवस्था सरकार कर पाएगी। इन सवालों के जवाब इन 9 लाख विद्यार्थियों को सरकार से मांगने चाहिए।

2018 से एनटीए इस परीक्षा को आयोजित कराती आई है और हमेशा कंप्यूटर से ही यह परीक्षा होती रही है, लेकिन इस साल एनटीए ने फैसला लिया कि छात्र अलग-अलग केंद्रों पर एक साथ पेन, पेपर की मदद से यह परीक्षा देंगे। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने और छात्रों से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर लिया गया। लेकिन सवाल किया जा सकता है कि परीक्षा को बेहतर बनाने के लिए कंप्यूटर छोड़कर पेन-पेपर के इस्तेमाल का विचार ही क्यों आया, क्या बेहतरी के लिए कोई और तरीका नहीं सूझा। सवाल यह भी है कि पेन-पेपर से ली गई परीक्षा में गड़बड़ी की भनक साइबर सेल को किस तरह से लगी और यह किस तरह की गड़बड़ थी। क्या यह पेपर लीक की श्रृंखला में ही एक और कड़ी का जुड़ना है। क्या एनटीए में अब ऐसे लोगों की पैठ हो गई है जो परीक्षा माफिया के इशारों पर काम कर रहे हैं।ध्यान रहे कि नीट की परीक्षा भी एनटीए ने ही आयोजित कराई थी। जिसमें कमाल यह हुआ था कि 24 लाख अभ्यर्थियों में 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिले थे, वहीं कुछ ऐसे भी छात्र थे जिन्हें 718 या 719 अंक हासिल हुए थे। इसी से गड़बड़ी की आशंका हुई और अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। नीट पर सरकार ने पहले गड़बड़ी होने से साफ इंकार कर दिया था, लेकिन यूजीसी-नेट परीक्षा के मामले में सरकार ने क्लीन चिट देने की हड़बड़ी नहीं दिखाई और जांच शुरू करवा दी।

हालांकि दोनों ही परीक्षाओं में लाखों युवाओं के साथ क्रूर खेल करने वालों को क्या कड़ी सजा मिलेगी, या वे सस्ते में छूट जाएंगे, ये देखना होगा। विचारणीय बात यह भी है कि एनटीए और शिक्षा मंत्रालय में मंत्री महोदय से लेकर इन परीक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी उठा रहे लोगों ने अब तक कोई नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश क्यों नहीं की है। कांग्रेस ने पूछा है कि परीक्षा पर चर्चा करने वाले प्रधानमंत्री पेपर लीक पर चर्चा क्यों नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने बड़ा तंज किया है कि यूक्रेन का युद्ध रुकवाने वाले पेपर लीक क्यों नहीं रुकवाते। कांग्रेस इस मुद्दे पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने जा रही है, साथ ही संसद सत्र में भी पेपर लीक का मुद्दा विपक्ष उठाएगा। बेहतर होगा प्रधानमंत्री इस बार जवाब देने के लिए पूरा गृहकार्य करके आएं और विपक्ष के साथ-साथ पूरे देश को संतुष्ट करने वाले जवाब दें। हर बार अतीत के गौरवगान से मामला नहीं संभलेगा।

## मंत्री जी को ही कुछ पता नहीं है

**– अरविन्द मोहन**

हर तरफ से इसी तरह की गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं और इस धंधे के लगातार चलाने की बात भी पुष्ट हो रही है लेकिन मंत्री जी ही एकदम अनजान बने बैठे हैं और अभी भी अदालत से निर्देश मिलने का पालन होने की बात करते हैं। अगर अदालत को ही सब कुछ करना है तो आप किस लिए बने हैं। और तय मानिए कि अदालत भी आंख बंद नहीं करने वाली है क्योंकि चालीस से ज्यादा मुकदमे हो चुके हैं और रोज नए सबूतों के साथ परीक्षार्थियों के आरोप सही साबित हो रहे हैं। किसी जमाने में कर्ज की अदायगी और प्रतिरक्षा हमारे बजट में खर्च का सबसे बड़ा आइटम हुआ करते थे। सूद और कर्ज की अदायगी का अनुपात भी पहले से कुछ काम हुआ है लेकिन रक्षा बजट काफी छोटा हो गया है। कायदे से इस बदलाव के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ना चाहिए क्योंकि विकसित देश होने की यह शर्त जैसी है कि जो जितना विकसित वह स्वास्थ्य और शिक्षा पर उतना ज्यादा बजट खर्च करता है। इस बीच यह बदलाव भी हुआ है कि राजनैतिक रूप से भले ही रक्षा, गृह, विदेश और वित्त मंत्री ज्यादा महत्व पाते हों लेकिन असली महत्व के मामले में वाणिज्य, सूचना तकनीक, सड़क परिवहन और विदेश व्यापार प्रमुखता पाने लगे हैं। एक जमाने में संचार मंत्रालय भी काफी भाव पा रहा था। पर इन सबके बीच वह मंत्रालय, जिसे शिक्षा का काम संभालना है लेकिन नाम मानव संसाधन विकास कर दिया गया है, लगातार अपना भाव बढ़ाता गया है। कभी तो इसके मंत्री को प्रधानमंत्री के बाद सबसे ज्यादा महत्व वाला माना जाता था। इधर जरूर हुआ है कि चुनाव हारकर भी मंत्री बनी स्मृति ईरानी(जिनकी डिग्री का विवाद भी प्रधानमंत्री की डिग्री की तरह ही चर्चा में रहा) और धर्मेन्द्र प्रधान जैसों के मंत्री बनने से शिक्षा विभाग लगातार कई तरह के विवादों में रहा है और इस पद का महत्व भी कम हुआ है।जिस तरह से देश भर के मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 'नीटज के नतीजों को लेकर विवाद हुआ है हमको-आपको सभी को इस विभाग और इसके काम का महत्व समझ में आने लगा है। महत्व तो इसके मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को ज्यादा मालूम है लेकिन वे कुछ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे इस पूरे काम से कुछ परेशान हों। और इस परेशानी में वे रह-रह कर एक एक कदम उठा रहे हैं जो मजबूरी या अदालती आदेश का दबाव ज्यादा लगता है, अपने विभाग का दोष या गलती सुधारने की इच्छा से उठाया गया कदम नहीं लगता। और जिस तरह से वे परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को लगातार दोषमुक्तकरते जा रहे हैं और परीक्षार्थियों/अभिभावकों को झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं वह बताता है कि वे सब कुछ जानकार भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं। परीक्षा के दिन से ही नहीं उससे पहले से हंगामा है और वे अनजान दिखते हैं जबकि वे ही पुराने शिक्षा मंत्री भी हैं। जिन कुछ मंत्रियों को पुराने विभाग वापस मिले हैं उनमें धर्मेन्द्र प्रधान भी हैं।

# न नीट, न क्लीन, नियुक्ति भी मलिन !!

**- बादल सरोज**

जरा भी ढंग से और थोड़े से भी सही तरीके से जांच हुई तो पता चलेगा कि रोशनी हर जगह से काली थी। सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है। एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते।

बुजुर्गवार कह गए हैं कि इच्छाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे लालच से लालसा में परिवर्तित होते हुए हवस तक पहुंचने की सम्भावनाओं से भरी होती हैं। यह बात इन दिनों हर मामले में नुमायां होती नजर आ रही है। पेपर लीक में अक्खा दुनिया में विश्व गुरु बनने के बाद भी लालसा पूरी नहीं हुई तो अब कुछ उससे भी आगे करने की हवस जहां सोची तक नहीं गयी थी वहां, जिस तरह से होने की आशंका तक नहीं की गयी थी उन तरीकों से किये जा रहे कारनामो में सामने आ रही है; करने वालों की कल्पनाशीलता, हर बार कुछ नया ढूंढने की उनकी उद्यमशीलता नए-नए कीर्तिमान कायम कर रही है। करीब चौथाई करोड़ युवा प्रतियोगियों के जीवन को प्रभावित करने वाला ताजातरीन नीट घोटाला इसकी एक मिसाल है। इसे आखि?ी मानना, घोटाले करने वालों की अन्वेषण और अनुसंधान क्षमताओं का अपमान करना होगा; कुछ वर्ष पहले लिखा याद आया कि ; 'व्यापमं के आगे जहां और भी हैं / अभी ऐसे ही इम्तहां और भी हैं !!'




नीट में हुई चीटिंग से पहले के भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला- व्यापम - इस सदी की शुरूआत में 2013 में मध्यप्रदेश में सामने आया। व्यापमं का नाम इसे प्रतियोगी परीक्षा करने वाले संस्थान - व्यवसायिक परीक्षा मंडल- के संक्षिप्तीकरण से मिला। उस साल अलग-अलग परीक्षाओं में कोई 25 लाख परीक्षार्थी बैठे थे - मगर कई तरह से फजीवाड़ा करके चुने वे ही गए जिन्होंने एक निश्चित धनराशि नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा दी थी। घोटाले के उजागर होते ही इससे जुड़े, इसकी जानकारी रखने वाले कोई आधा सैकड़ा लोगों की रहस्यमय तरीके से मौत एक अलग ही काण्ड था। सीबीआई की जांच में कुछ भी साबित न होना और सारे संदिग्धों का आज भी खुलेआम आजाद घूमना और भी अलग काण्ड था। जब व्यापम देश में मुहावरा बन गया तो, मौजूदा हुक्मरानों ने उसका नाम बदल दिया- लेकिन सिर्फ नाम ही बदला भर्ती घोटाले जारी रहे। नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल, पटवारी, और कृषि विस्तार एवं विकास अधिकारियों, जिला सहकारी बैंकों यहां तक कि नगर परिषदों सहित मध्यप्रदेश में ऐसी एक भी भर्ती नहीं हुई जिसमे घोटाले नहीं हुए हों। सभी घोटालों का एक ही पैटर्न था- नीट की तरह एक ही केंद्र से एक साथ दस के दस टॉपर्स का निकलना, कुछ चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों द्वारा कामयाबियों के रिकॉर्ड कायम किया जाना। व्यापम ने इंजन-बोगी की नई उपमाएं और उपमान भी दिए।

यूपी ने शिक्षक, कांस्टेबल, सहकारी बैंकों आदि इत्यादि की सभी भर्तियों में तो घोटाले किये ही, दो कदम आगे बढ़कर विधानसभा और विधान परिषदों की भर्ती का घोटाला यहां तक कि राममन्दिर में जमीन खरीदी घोटाला भी कर दिखाया। पेपर लीक के मामले में तो इन गुजरात मॉडल्स वाले राज्यों ने जैसे जिद ही कर ली कि कोई भी पर्चा बिना लीक हुए छूटना नहीं चाहिए। यूपी ने इसमें भी अपने को बड़ा साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

देखने में भले अलग राज्य हों, अलग परीक्षाएं हों मगर कुछ तो ऐसा है जो इन्हें आपस में जोड़ता है।

वह क्या है यह जानने के लिए ताजा नीट घोटाले से ही शुरू करते हैं। जिन की रहनुमाई और देखरेख में यह घोटाला हुआ उस परीक्षा को कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टी ए) के चेयरमैन डॉ प्रदीप जोशी हैं । ये सज्जन पहले मध्यप्रदेश, उसके बाद छत्तीसगढ़ की पी एस सी - प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाली पी एस सी के अध्यक्ष रहे। उनकी काबिलियत इतनी अनोखी थी कि इन दो राज्यों को उपकृत करने के बाद भी उन्हें यू पी एस सी सौंप दी गयी। वहां उनका समय पूरा हुआ या न हुआ, उन्हें अगस्त 2023 में तीन वर्षों के लिए एन टी ए का चेयरमैन बना दिया गया । जोशी जी में आखिर ऐसी असाधारण योग्यता क्या है? इसका पता खुद सरकारी दस्तावेजों से चला। इन्हें जबलपुर के एक कॉलेज के प्रोफेसर से सीधा एमपी पीएससी का अध्यक्ष बनाया गया था तब इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया और योग्यता को लेकर पूछी गयी एक आर टी आई में उनकी विशिष्ट योग्यता का प्रमाणपत्र मिला। यह आर एस एस के क्षेत्रीय प्रचारक किन्ही विनोद जी का लिखा पुर्जा था, इस पर्ची में संघ प्रचारक ने लिखा था कि; 'डॉ प्रदीप जोशी एबीवीपी के अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में रानी दुर्गा विश्वविद्यालय से जुड़े हैं । चाहते हैं संघ लोकसेवा अध्यक्ष बनें। नाम गया है।' पुलिस वेरिफिकेशन में उस जमाने के आई जी ए के सोनी ने 'मुरली मनोहर जोशी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ इनके संपर्क रहे हैं'। लिखकर इस लाइट में थोड़ी सी लाइट और जोड़ दी।

यदि ज?ा भी ढंग से और थोड़े से भी सही तरीके से जांच हुई तो पता चलेगा कि रोशनी हर जगह से काली थी। सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है।

एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते। यह विचार है जो निजी लोभ, लालच, लालसा, हवस को पास नहीं फटकने देता, जनता के हित जो सबसे ऊपर रखता है। चंद रुपयों की खातिर लाखों छात्र-छात्राओं-प्रतियोगियों के भविष्य को अंधे कुंए में नही धकेलता। दूसरी तरफ एक और विचार है ; जन को हिकारत से देखने वाला घोर दक्षिणपंथी विचार जो न नीट हैं, न क्लीन उनको इस तरह का बनाने वाला यही विचार है। व्यापमं से लेकर नीट, नियुक्ति में फजीवाड़े से लेकर पेपर लीक तक यही विचार है जो अपने अंधेरों से, सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश की एक नहीं दो दो- तीन तीन पीढि?ों को भविष्य अनिश्चित और अन्धकारमय बनाने पर आमादा है।

गांधी समझा गए हैं कि पाप से घृणा की जानी चाहिए। उसे गहराई तक दफ? करके आना चाहिए। व्यापमं से नीट तक की यात्रा के पीछे जो पाप है उसे पहचानना होगा और सबसे पहले तो उसका वह चोगा- धर्म और राष्ट्रवाद का झीना बाना-उतारना होगा जिसे पहनकर वह अपनी पहचान छुपाता है।

**(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)**

# विलुप्त होती कठपुतलियां



**दीप्ति शर्मा 'अचल**
**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेविका हैं।)**

कुछ धागों के इशारों पर नाचती हुई ये कठपुतलियां कभी रोमांच का पर्याय होती थीं ह्ल जब मनोरंजन के साधन सीमित थे, तब नाटक, नुक्कड नाटक, कठपुतली, मंडली द्वारा नृत्य यही सब हमारा मनोरंजन करते थे ह्ल और यकीन मानिये इनसे हमे बहुत कुछ सीखने को भी मिलता था ह्ल पर आज किसी को भी ये सब देखने की फुर्सत नहीं है ह्ल सब कुछ चंद मिनिटों मे चाहता है आज का युवा और काफी हद तक हम भी, जो कि हमने मोबाइल द्वारा मिल जाता है ह्ल जिस कारण ये कलाएँ अब विलुप्त होने की कगार पर हैं ह्ल

"कठपुतली" जो पूरी तरह लकड़ी से बनी होती है। हालाँकि यह लकड़ी, सूती कपड़े और धातु के तार से बनी होती है।

राजस्थान के कुछ विद्वानों का मानना है कि कठपुतली कला परंपरा हजारों साल से भी ज्यादा पुरानी है। राजस्थानी लोक कथाओं, गाथाओं और कभी-कभी लोक गीतों में भी इसका संदर्भ मिलता है। इसी तरह की कठपुतलियाँ जो छड़ी वाली कठपुतलियाँ होती हैं, पश्चिम बंगाल में भी पाई जाती हैं। लेकिन यह वास्तव में राजस्थान की अद्भुत कठपुतली है जिसने भारत को अपनी पारंपरिक कठपुतली का आविष्कार करने वाले पहले देशों में से एक बनाया। राजस्थान की जनजातियाँ प्राचीन काल से इस कला का प्रदर्शन करती आ रही हैं और यह राजस्थानी संस्कृति, विविधता और परंपरा का एक शाश्वत हिस्सा बन गई है। राजस्थान में कोई भी गाँव का मेला, कोई धार्मिक त्योहार और कोई भी सामाजिक समारोह कठपुतली के बिना पूरा नहीं हो सकता। ऐसा माना जाता है कि लगभग १५०० साल पहले, आदिवासी राजस्थान भाट समुदाय ने कठपुतली का उपयोग स्ट्रिंग कठपुतली कला के रूप में शुरू किया था ह्ल राजस्थानी राजा और कुलीन लोग कला और शिल्प के संरक्षक थे और उन्होंने कारीगरों को लकड़ी और संगमरमर की नक्काशी से लेकर बुनाई, मिट्टी के बर्तन, पेंटिंग और आभूषण बनाने तक की गतिविधियों में प्रोत्साहित किया। पिछले 500 वर्षों में, कठपुतली राजाओं और संपन्न परिवारों द्वारा समर्थित संरक्षण की एक प्रणाली थी। संरक्षक कलाकारों की देखभाल करते थे, बदले में कलाकार संरक्षकों के पूर्वजों की प्रशंसा गाते थे। भाट समुदाय का दावा है कि उनके पूर्वजों ने शाही परिवारों के लिए प्रदर्शन किया था, और राजस्थान के शासकों से उन्हें बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा मिली थी।

आज कठपुतली कला घूमर के बाद भारत के राजस्थान राज्य की सबसे लोकप्रिय प्रदर्शन कलाओं में से एक है। 1960 में विजयदान देथा और कोमल कोठारी द्वारा स्थापित जोधपुर में रूपायन संस्थान और 1952 में देवीलाल समर द्वारा स्थापित भारतीय लोक कला मंडल , उदयपुर जैसे संगठन कठपुतली की कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, यहाँ तक कि बाद में एक कठपुतली थियेटर के साथ-साथ कठपुतली संग्रहालय भी है।

आप भी इन कलाओं को बचाने की कोशिश करें और अपने बच्चों को ये जिवंत मनोरंजन के साधनों से परिचित करवाएं , ताकि वे काल्पनिक दुनिया से बाहर आकर जीवन का सच्चा आनंद ले सकें ह्ल

# अदालती फैसलों का एक खास दिन

**@ राकेश अचल**



सप्ताह के सात दिनों में कभी-कभी कोई दिन किसी खास बात के लिए भी यादगार बन जाता है। गुरुवार का दिन भी कुछ ऐसा ही रहा। गुरुवार का दिन अदालत के ऐसे फैसलों के लिए याद किया जाएगा जिसने राजनीति के दिग्गजों को एक और यदि राहत दी तो दूसरी और नींद भी उड़ा दी। राउज एवेन्यू अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीबाल को शराब घोटाले के मामले में नियमित जमानत दी तो बिहार उच्च न्यायालय ने सरकार द्वारा बढ़ाये गए आरक्षण के निर्णय को खारिज कर दिया।

केजरीवाल को मिली जमानत पर दिल्ली में पटाखे फोड़े गये। सचमुच आम आदमी पार्टी के लिए ये बड़ा फैसला है। अब अरविंद केजरीवाल मुकदमें के चलते हुए लोकसभा चुनाव में चारों खाने चित हुई अपनी पार्टी की साख को बढ़ाने का अभियान शुरू कर सकते हैं। केजरीवाल को नियमित जमानत का मिलना महज संयोग नहीं है, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक झटका जरूर है। भाजपा किसी भी सूरत में केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं आने देना चाहती थी, किन्तु ईडी की एक न चली और केजरीवाल जमानत हासिल करने में कामयाब हो गए। जमानत हर आरोपी का अधिकार है। इसमें जानबूझकर बाधाएं खड़ी करना भी एक तरह का अपराध है। देश में असंख्य ऐसे लोग हैं जो समर्थ न होने की वजह से बिना जमानत के जेलों में सजा से भी ज्यादा समय काट चुके हैं।

बात केजरीवाल की है। उन्हें मिली जेल न्याय प्रक्रिया की जीत है। अदालत के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने वाला कदम है। चूंकि ये जमानत एक अधीनस्थ न्यायालय का फैसला है इसलिए इसे नजीर बनाकर दूसरे आरोपी इसका लाभ नहीं ले सकते ,लेकिन उनके लिए भी संभावनाओं की एक खिड़की जरूर खुली है। मनीष जी, हेमंत सोरेन और संजय गुप्ता जैसे तमाम लोग जमानत के लिए लम्बे समय से एड़ियां रगड़ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद जल्दबाजी में हालाँकि कांग्रेस का हाथ और साथ छोड़ दिया है लेकिन उम्मीद है कि संसद में कांग्रेस केजरीवाल की बेवफाई के बाद भी उनका साथ देगी और जब सरकार पर हमले का वक्त आएगा तो आम आदमी पार्टी का समर्थन करेगी। केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद यदि चाहें तो अपनी गलती सुधर सकते है। दोबारा से आईएनडीआईए का हिस्सा बन सकते हैं। इसी में उनका फायदा है अन्यथा 'एकला चलो ' का उनका निर्णय आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी को भारी पड़ सकता है।

अब बात करते हैं पटना उच्च न्यायालय के फैसले की। पटना उच्च न्यायालय के फैसले ने बिहार की गठबंधन सरकार के टांके ढीले कर दिए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश के दलितों, पिछड़ों और महादलितों को जो आरक्षण दिया था उसे असंवैधानिक करार देते हुए माननीय अदालत ने सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है। पटना हाईकोर्ट का फैसला कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है। ये एक प्रत्याशित फैसला है, क्योंकि इसी तरह के फैसले तमिलनाडु, ओडिशा, राजस्थान और अरुणाचल सरकार के फैसलों के खिलाफ आ चुके है। देश की कोई भी अदालत संविधान के खिलाफ किसी भी सरकार के फैसले की ताईद नहीं कर सकती। इस हकीकत से राजनीतिक दल और सरकारें भी वाकिफ हैं लेकिन मतदाताओं की आँखों में धूल झोंकने से कोई भी परहेज नहीं करना चाहता।

पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील करना सरकार की विवशता भी है और औपचारिकता भी। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तय करना है कि वे इस मुद्दे पर क्या एनडीए गठबंधन की सरकार को 9 वीं सूची का इस्तेमाल करने के लिए विवश कर सकते हैं या नहीं ? नीतीश कुमार के सामने अब दो ही विकल्प बचे हैं कि वे या तो भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से अपने हिस्से का एक पोंड गोश्त मांगे और न मिले तो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लें। नीतीश बाबू के लिए कुछ भी करना कठिन नहीं है । वैसे भी उनकी ' पल्टूराम ' वाली छवि जगजाहिर है। उनके दोनों हाथों में लड्डू रहते है। वे केंद्र से समर्थन वापस लें तो भी फायदे में रहेंगे और यदि केंद्र को इस आरक्षण को बनाये रखने के लिए 9 वीं सूची का इस्तेमाल करा सकें तो भी फायदे में रहेंगे। आने वाले दिनों में स्थिति साफ हो जाएगी। वे भविष्य में दोबारा राजद के साथ भी इस मुद्दे पर खड़े दिखाई दें तो किसी को कोई हैरानी नहीं होना चाहिए ।

मुझे ज्योतिष विज्ञान का ककहरा भी नहीं आता,मै इसमें यकीन भी नहीं करता। लेकिन आज मुझे लगता है कि यदि कोई शनि गृह होता है तो उसकी चाल भाजपा गठबंधन की सरकार के खिलाफ वक्री हो गयी है। एक के बाद एक ऐसे घटनाक्रम बन रहे हैं जो नई संसद के पहले ही सत्र में सरकार को हकलाने पर मजबूर कर सकते है। बिहार में अदालत का फैसला,नीट परीक्षा में धांधली, कंचनजंगा एक्सप्रेस का दुर्घटनाग्रस्त होना ऐसे ही मुद्दे हैं। लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन भी एक मुद्दा माना जा सकता है। आपको याद होगा ही कि सरकार के आगे -पीछे टीडीपी और जेडीयू पहले से ही राहु-केतु की तरह लगे हुए है। ये सत्ता के सूर्य को कब डस लें, कोई नहीं जानता। न भाजपा को इसका अनुमान है और न खुद टीडीपी और जेडीयू को। मै एक आम भारतीय के नाते नई संसद और नई सरकार के लिए अच्छे दिनों की प्रार्थना ही कर सकता हूँ।

# योग दिवस पर जगह-जगह हुए योगासन

## योग के बताये लाभः शारीरिक-मानसिक-आध्यात्मिक होता विकास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में कई स्थानों पर योग हुए। योग के लाभ बताये। जिला जज के आवास में योग दिवस मना व स्पोर्ट्स स्टेडियम में होमगार्ड मंत्री ने योग दिवस का शुभारम्भ किया।

शुक्रवार को उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायाधीश के आवास परिसर में न्यायिक अधिकारियों, बार सदस्यों, न्यायालय कर्मियों आदि ने योग दिवस पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि योग स्वतः में व्यापक शब्द है। योग शरीर, आत्मा व चित्त को शुद्ध करने को किया जाता है। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटनादावा न्यायाधिकरण श्रीकृष्ण यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज प्रथम राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट श्रीमती रेनू मिश्रा, सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।



योगाभ्यास करते जजेज।



शुभारम्भ करते मंत्री।



स्कूल में योगाभ्यास करते शिक्षक।

वहीं सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल ने जिला कारागार में बंदियों के बीच जेल अधिकारियों व जनशिक्षण संस्थान के सहयोग से योग शिविर लगाया। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, सन्तोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह, चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, श्रीमती बृजकिशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, डा रामानुजम, अनिल कुमार सिंह, जानकी शरण निषाद, श्रीमती पद्मा सिंह, कु अनन्या सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में योग दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड विभाग/ नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, विशिष्ट अतिथि चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयुष विभाग ने पतंजलि योगपीठ के सदस्यों के साथ योग शिविर लगाया। शिविर का शुभारम्भ धर्मवीर प्रजापति ने दीप जलाकर किया। योग प्रशिक्षक नरेंद्र नारायण चंद्रवंशी, श्रीमती मंजू केशरवानी ने विभिन्न आसन कराये। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, बीएसए लवप्रकाश यादव, क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विजय कुमार, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडे, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी राधे सिंह आदि मौजूद रहे।

राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड ने योग दिवस पर सभी संवासियों व स्टाफ को योगाभ्यास कराया। योगाचार्य संजय कुमार ने कहा कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योग से मनुष्य की आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक लाभ होते हैं। इस मौके पर सहायक अधीक्षक वीर सिंह, सह परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल, योग प्रशिक्षक अरविन्द सिंह, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव, लवकुश कुमार, लवलेश यादव, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब अध्यक्ष केशव शिवहरे ने योग शिविर लगाया। बतौर मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षका श्रीमती मीरा श्रीवास्तव, श्रीमती वीणा बंधवाकर ने सभी योगासन कराये। मानव जीवन में योग की उपयोगिता बताई। केशव शिवहरे ने विद्यार्थियों को शिक्षण व बौद्धिक विकास समेत मानसिक-शारीरिक रूप से मजबूत होने पर जोर दिया। जीवन में योगासन, प्राणायाम के महत्व बताये। प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू वर्मा ने स्कूल डायरेक्टर अजय अग्रवाल के निर्देश पर नियमित योग कक्षायें संचालित करने की बात कही। प्रिंसिपल श्रीमती नीतू वर्मा व समाजसेवी शिवहरे ने कु आयुषी को स्मृति चिन्ह व शाल भेंटकर उत्साहवर्धन किया।

### पहाडी में ब्लाक व थाना में हुआ योग

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के निर्देश पर विश्व योग दिवस पर ब्लाक व थाना परिसर में बीडीओ दिनेश कुमार मिश्र व प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह की अगुवाई में योग शिविर लगा। योग के लाभ बताये। योगाभ्यास में बीडीओ पहाडी दिनेश कुमार मिश्र, एडीओ पंचायत कमल कुमार सिंह, सचिव कमल सिंह, लोकेश सिंह, कमलेश कुमार, महेंद्र पांडेय, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, ब्लाक कर्मचारी राजकरण, विनोद कुमार, सलामत, त्रिसदस्यीय समिति के शारदा विश्वकर्मा, प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनीष कुमार, दरोगा विपिन कुमार मिश्र, अवधनारायण, सुरेश सिंह, परशुराम यादव, मातादीन, किशन कुमार, प्रेमनारायण, अखिलेश यादव, शेष नारायण व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा उदय प्रताप सिंह, डा दीपक यादव, डा मोहित विद्यार्थी समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

# मऊ ब्लाक के ददरी में बिना कार्यों के हुए भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मनरेगा योजना से सरकार ग्रामीणों को सौ दिन का रोजगार देने का दावा कर रही है। गांवों में प्रधान-सचिव बिना कार्यों के मनमानी ढंग से भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी कमीशनखोरी से बिना कार्यों के सत्यापन के भुगतान कर रहे हैं।

शुक्रवार को ये खुलासा मऊ ब्लाक के ददरी गांव में हुआ। बताया गया कि ददरी गांव में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। मनरेगा कार्यों में धांधली देखी जा

### प्रधान पर जिम्मेदार मेहरबान, जांच के नाम पर हुई लीपापोती

रही है। मेडबंदी व समतलीकरण में खेल कर भुगतान हो गये हैं। प्रधान ने अपने भाई की फर्म मेसर्स राजीव सिंह के नाम पर मनरेगा से कराये पक्के कार्यों का भुगतान किया है। शासन की गाइडलाइन अनुसार कोई भी प्रधान सगे-संबंधियों को सीधे लाभ नहीं पहुंचा सकता। प्रधान ने सरकारी निर्देशों की धज्जियां उडाते हुए भाई की फर्म के नाम लाखों रुपये भुगतान किये हैं। ददरी में 18 वर्ष की आयु से कम बच्चों के जाबकार्ड बनाकर मजदूरी भुगतान किया है। एक व्यक्ति के नाम दो जाबकार्ड बनाकर पैसे भेजे हैं। गांव में ऐसे कई लोग हैं, जिनके जाबकार्ड बनाकर मजदूरी भुगतान की गई है। कई वर्षों से जो गांव में नहीं रह रहे, उनके नाम मजदूरी भुगतान हुआ है। अपात्रों को पात्र दिखाकर आवास योजना का लाभ दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विकास कार्य में सरकारी धन का बंदरबांट हुआ है। जांच अधिकारी ने शिकायत पर मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। कार्य न होने पर भुगतान की बात सामने आयी।

## 18 लाख लागत की सीसी रोड छह माह में ध्वस्त

**रामनगर ब्लाक कर्मी मस्त, जनता पस्त**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक में जिम्मेदारों ने विकास कार्यों का बजट ठिकाने लगाने को नया तरीका खोजा है। कभी समतलीकरण में मजदूर के नाम पर जेसीबी का प्रयोग, तो कहीं हवा में लेमन ग्रास का भुगतान, तो कहीं विधायक निधि से होने वाले कार्यों पर धांधली की जा रही है। इन सब कारनामों से जिले में रामनगर ब्लाक सुर्खियों में है। शुक्रवार को रामनगर ब्लाक के घुनुवा गांव के सदस्य राम कल्याण ने डीएम-सीडीओ को लिखे पत्र में कहा कि घुनुवा गांव में मुख्य सडक से लोहगडी विद्यालय तक बनी 18 लाख रुपये लागत की सीसीरोड छह माह में दम तोड गई है। इस सडक का 75 फीसदी भुगतान हो गया है। सवाल है कि मानकविहीन सडक का सत्यापन व मेजरमेंट किस जेई ने किया है। जो छह माह में दम तोड गई। खस्ताहाल सडक को अंधा भी बता देगा कि ब्लाक में बैठे सचिव ने कमीशनखोरी से सडक बनवाई है। 18 लाख की लागत से घुनुवा मुख्य मार्ग से लोहगड़ी विद्यालय तक जाने वाली सडक कैसे छह माह में ध्वस्त हो गई।

# नीट परीक्षा में धांधली पर सपा छात्रसभा ने फूंका सरकार का पुतला, जांच की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में नीट परीक्षा में हुई धांधली व भ्रष्टाचार को लेकर परीक्षा रद्द न करने पर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया। इस्तीफे की मांग समेत नीट परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा कराने की मांग की है।

शुक्रवार को समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में सपाइयों ने शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा में 23 लाख विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। नतीजे में



प्रदर्शन करते सपा छात्रसभा के लोग।

सैकड़ों अभ्यर्थियों के सौ फीसदी नंबर हैं। एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ सौ फीसदी नंबर आना बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। देश के युवाओं का परीक्षाओं से विश्वास खोने लगा है। भाजपा सरकार में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसका पेपर लीक न हुआ हो। ये भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। भाजपा सरकार में पेपर लीक होना आम बात हो गई है। छात्रों व नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। परीक्षा कराने वाली एजेंसी संदेह के घेरे में है। इस भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की मांग उठाई। इस मौके पर अभिलाष यादव, कुशल यादव, सुनील, मुकेश कोटार्य, डा संजय कुमार, मोहन प्रजापति, महेश यादव, रावेन्द्र, राजकुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, मोहम्मद अहद, मो रेहान खां, शिवम ओझा, राधे, धर्मेंद्र गुप्ता, रजित सिंह, योगेंद्र सिंह, धीरज कोटार्य, अजय, आशू यादव, रोहित पटेल, सूरज सिंह समेत आदि मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

# जीआरपी ने शातिर चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर जीआरपी टीम ने ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन जिनकी कीमत 25 हजार आंकी गई है, बरामद किया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपल श्रीवाल के निर्देश पर सीओ की की अगुवाई में पनहाई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-4 से आदित्य उर्फ कल्लू पाण्डेय पुत्र रामकिशोर पाण्डेय निवासी डभौरा रीवां को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किये। चोर का आपराधिक इतिहास भी है। ये चलती ट्रेनों में यात्रियों के साथ लूट, चोरी की घटनायें अंजाम देता था। टीम में दरोगा अंशुमान सिंह जीआरपी, दीवान इमरान शामिल रहे।

# पहाड़ी पुलिस ने दो को दबोच पकडा गांजा



पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से तीन किलो 650 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि शुक्रवार को दरोगा मातादीन पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। गैस एजेन्सी रोड कस्बा पहाड़ी से शिवसागर पुत्र चुनबाद त्रिपाठी नहरा के कब्जे से एक किलो 850 ग्राम गांजा व अजय पुत्र बुद्धराज प्रजापति नहरा के कब्जे से एक किलो 800 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। मोटरबाइक सीजकर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मातादीन, दरोगा यूटी किशन कुमार व सिपाही आनन्द प्रताप सिंह शामिल रहे।

# दम्पति में सुलह करा पुलिस ने परिवार को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्ते को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने दम्पति के पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के गोपालपुर की श्रीमती शकुनत बानो पुत्री फत्ते मोहम्मद ने एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि पति रहीस, ससुर राजू, सास जुलेखा निवासी खुटमा रहनिया बांदा आये दिन लड़ाई झगड़ा कर मारपीट, गाली-गलौज कर दहेज को प्रताड़ित करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही मंजूलता ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व दहेज न मांगने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। दम्पति ने आपस में सुलह कर भविष्य में तालमेल से रहने का भरोसा दिया।



दम्पति में सुलह कराती पुलिस।

# किसानों को समय से दें खाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टेट्रट सभागार में किसान दिवस पर भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही ने किसान समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की।

शुक्रवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही ने सीडीओ से कहा कि किसान दलहन-तिलहन की खेती की तैयारी में है। एक जुलाई तक आवारा पशुओं को संरक्षित किया जाये, ताकि समय रहते किसान बीज की रोपाई कर सकें। मानसून एक जुलाई तक पर्याप्त वर्षा होने की उम्मीद है। पर्यावरण संरक्षण को किसानों ने वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने मांग किया कि किसानों को निजी ट्यूबवेल कनेक्शनधारियों को सामग्री नहीं मिल रही। विद्युत विभाग से जल्द सामग्री दिलाई जाये। चकबन्दी विभाग किसानों को आपस में लड़ा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि खंडेहा में धारा 52 लागू की जाये, ताकि किसानों को चक के लिए रास्ते व अतिक्रमण हटाने का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू हो सके। समितियों में समय से खाद उपलब्ध कराई जाये। किसान दिवस में कृषि उपनिदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, डीएफओ, जिल महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



सीडीओ को ज्ञापन देते किसान।

# नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस में उबाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर पूरे देश में नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कचहरी पार्क से कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर धनुष चैराहा होते हुए पटेल तिराहा से तहसील परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। मांग किया कि जिस तरह से गरीब, किसान, मध्य वर्गीय बच्चों के साथ परीक्षाओं में खिलवाड़ हो रहा है, पेपर लीक हो रहे हैं- कांग्रेस निंदा करती है। मांग किया कि नीट परीक्षा तत्काल प्रभाव से रद्द कर नये सिरे से परीक्षा कराई जाये। जुलूस में कांग्रेसी शिक्षामंत्री इस्तीफा दो, छात्रों को न्याय दो- के नारे लगा रहे थे। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार छात्रहित के मुद्दे उठा रहे हैं। छात्र- अभिभावक प्रदर्शन कर रहे हैं। तानाशाह सरकार छात्रों के हितों के साथ कुठाराघात कर रही है। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, छात्रों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। हर परीक्षा में पेपर लीक हो रहे हैं। जो बच्चे मेहनत करते हैं, वे रह जाते हैं। जो शासन-सत्ता से जुड़े होते हैं, वे पेपर लीक से मेहनती बच्चों का हक छीन लेते हैं। उप्र पुलिस परीक्षा हो या अन्य कोई परीक्षा, सब में यही हो रहा है। नौजवान रोजगार को परेशान है, महंगाई चरम पर है। कांग्रेस मांग करती है कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए नीट परीक्षा तत्काल रद्द कर नये सिरे से कराई जाये। चेताया कि ऐसा न होने पर कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बडे आंदोलन को बाध्य होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, कालीचरण राजपूत, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, सविता पाल, नीरू गुप्ता, महेंद्र सिंह, यमुना शुक्ला, प्रशांत गुप्ता, शिवशंकर खंगार, दिवाकर त्रिपाठी, रामेश्वर गौतम, महेंद्र निषाद, आशीष मिश्रा, सर्वेश सिंह, निशांत सिंह, केदारनाथ त्रिपाठी, रामनिवास सिंह, उद्धव विश्वकर्मा, चंद्रशेखर, अजीत शुक्ला, अरुणेंद्र मिश्रा, अजीत मिश्रा, रामस्वरूप सिंह, अजय सिंह, पवन कुमार रैकवार, अर्जुन कुमार, चंद्रकली, लवकुश केसरवानी, सूर्यभान आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## नहर सीमांकन में अधिकारी बरत रहे धांधली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के रैपुरा गांव स्थित गुंता बांध से निकलने वाली मुख्य नहर के सीमांकन व विस्तारीकरण में जिम्मेदारों की मनमानी देखने को मिल रही है। सहायक अभियंता व अवर अभियंता की मनमानी से नहरों का सही ढंग से सीमांकन व विस्तारीकरण नहीं हो रहा। शुक्रवार को नहरों के नवीनीकरण व विस्तारीकरण को सरकार ने करोड़ों रुपये दिये हैं, ताकि नहरों का जीर्णोद्धार हो सके। जिम्मेदारों ने नहरों के नवीनीकरण में बड़ा खेल कर रहे हैं। नहर के दोनों ओर पंद्रह-पंद्रह मीटर सीमांकन क्षेत्र है। जिम्मेदारों ने नहर की जमीन खाली नहीं कराई। रामनगर खजुरिहा खुर्द संपर्क मार्ग के पास से गुंता मुख्य नहर से देवहटा गोबरौल तक जाने वाली नहर के सीमांकन व विस्तारीकरण में सहायक अभियंता व अवर अभियंता की मनमानी देखी जा रही है। नहर के सीमांकन व विस्तारीकरण के नाम पर देवहटा गोबरौल की गरीब महिला चेतना पत्नी लालजी मिश्रा ने बताया कि गांव को जाने वाली नहर में सीमांकन विस्तार का कार्य व नवीनीकरण हो रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने उसके घर पर नवनिर्मित शौचालय गिरा दिया है। पीड़िता चेतना ने बताया कि शौचालय गिराने का विरोध किया तो अधिकारी अभद्रता पर उतर आये। जेल भेजने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने कहा कि निर्माणाधीन शौचालय जेसीबी मशीन से गिरा रहे थे तो, घर में कोई नहीं था। उसकी एक नहीं सुनी। पीड़ित लालजी मिश्रा ने बताया कि नहर सीमांकन में अतुल कुमार मिश्रा पुत्र द्वारिका प्रसाद मिश्रा देवहटा के घर व उमाशंकर त्रिपाठी के बोर को नहीं गिराया। न ही सामने लगी तार फेंसिंग को हटाया। नहर में देवहटा गोबरौल संपर्क मार्ग में पुलिया के पास उमाशंकर त्रिपाठी मन्दिर बनवा रहे हैं, उसका कार्य चल रहा है। मन्दिर की जमीन भी नहर में आ रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारी उस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। पीड़ित लालजी मिश्रा ने कहा कि वे गरीब हैं। इससे उनका शौचालय गिरा दिया है। इस बाबत सहायक अभियंता देवी प्रसाद मिश्र से बात की गई तो बताया कि जिसका शौचालय गिराया है, जल्द बनवा देंगे।

# डोनाल्ड ट्रंप के बदले सुर! अमेरिकी कॉलेजों के विदेशी ग्रेजुएट छात्रों के लिए ग्रीन कार्ड का प्रस्ताव रखा




**वॉशिंगटनः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कॉलेजों से ग्रेजुएशन करने वाले विदेशी छात्रों को ऑटोमैटिक ग्रीन कार्ड देने की वकालत की है. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अमेरिकी कॉलेजों से स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को ऑटोमैटिक ग्रीन कार्ड देना चाहते हैं.

ट्रंप का यह बयान बुधवार को उद्यम पूंजीपतियों और तकनीकी निवेशकों के साथ 'ऑल-इन' नामक पॉडकास्ट में कंपनियों द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली" लोगों को इम्पोर्ट करने की योजना के बारे में पूछे के गए सवाल पर आया. उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि आप कॉलेज से ग्रेजुएट हों तो आपको अपने डिप्लोमा के साथ ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए ताकि आप इस देश में रह सकें और इसमें जूनियर कॉलेज भी शामिल हैं.

ऑल-इन पॉडकास्ट के साथ बातचीत के दौरान ट्रंप ने राष्ट्रपति रहते हुए इन उपायों को लागू करने में असमर्थ होने के लिए कोरोना वायरस महामारी को दोषी ठहराया. उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे लोगों की कहानिया पता हैं जो शीर्ष कॉलेजों से स्नातक हैं और अमेरिका में रहना चाहते हैं.

**ग्रेजुएट्स को ग्रीन कार्ड देने का वादा**

बता दें कि 2024 में व्हाइट हाउस में वापसी करने की कोशिश में जुटे ट्रंप के लिए आव्रजन मुख्य मुद्दा रहा है. उनका सुझाव कि वे ग्रीन कार्ड - ऐसे दस्तावेज जो अमेरिकी नागरिकता के लिए मार्ग प्रदान करता है. वह संभावित रूप से हजारों विदेशी ग्रेजुएट्स को ग्रीन कार्ड देंगे. गौरतलब ट्रंप का यह बयान विदेशियों पर उनके पहले के संदेशों से बिल्कुल अलग है.

**पहले अप्रवासियों पर लगाए थे आरोप**

इससे पहले ट्रंप ने अवैध रूप से देश में रहने वाले अप्रवासियों पर क्राइम करने और नौकरियां और सरकारी संसाधनों पर कब्जा करने का आरोप लगाया था. उन्होंने कहा कि अप्रवासी लोग हमारे देश के खून में जहर घोल रहे हैं. उन्होंने वादा किया था कि अगर वे राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाएंगे.

अपने प्रशासन के दौरान ट्रंप ने फैमिली-बेस्ड वीजा और वीजा लॉटरी प्रोग्राम पर अंकुश लगाने का प्रस्ताव रखा था. 2017 में पदभार ग्रहण करने के ठीक बाद, उन्होंने अपना 'बाय अमेरिकन और हायर अमेरिकन' जैसा आदेश जारी किया था.

इसमें कैबिनेट सदस्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारों का सुझाव देने का निर्देश दिया गया कि अमेरिकी मजदूरों की सुरक्षा के लिए बिजनेस वीजा केवल अधिक वेतन पाने वाले या सबसे कुशल आवेदकों को ही दिए जाएं.

उन्होंने पहले कहा था कि एच1-बी कार्यक्रम, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियां विदेशी कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर काम पर रखने के लिए करती हैं, वह बहुत खराब था और टेक कंपनियां कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को लाने के लिए इसका इस्तेमाल करती थीं.

## नेपाल में काठमांडू, पोखरा, जनकपुर, लुम्बिनी सहित कई स्थानों पर मनाया गया योग दिवस

**काठमांडू।** अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर नेपाल के सभी प्रमुख स्थानों पर भव्य रूप से मनाया गया। काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास और बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की तरफ से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में आयोजित किया गया। इसी तरह काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में पोखरा के फेवाताल, सारंगकोट में भी हुए कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति थी। इसके अलावा जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। पोखरा के कार्यक्रम में गण्डकी प्रदेश के मुख्यमंत्री, लुम्बिनी के कार्यक्रम में लुम्बिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री, जनकपुरधाम के कार्यक्रम में मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री की सहभागिता रही। लुम्बिनी और पोखरा के कार्यक्रम में नेपाल के लिए भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। काठमांडू के कई स्थानों पर नेपाल सरकार द्वारा योग दिवस का कार्यक्रम किया गया। काठमांडू के टूंडिखेल में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की उपस्थिति रही। उधर, गृह मंत्रालय की तरफ से किए गए कार्यक्रम में गृहमंत्री रवि लामिछाने की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम नेपाल पुलिस और सशस्त्र प्रहरी बल ते लिए विशेष रूप से आयोजन किया गया। इसी तरह सेना मुख्यालय में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में रक्षा मंत्री और प्रधान सेनापति की उपस्थिति रही।


## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 3 की मौत, 2 घायल



**बेरूतः** लेबनान के दक्षिणी इलाकों में इजराइली हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो नागरिक घायल हो गए. लेबनानी सैन्य सूत्रों ने मीडिया को ये जानकारी दी. सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, एक इजराइली युद्धक विमान ने लेबनान के दक्षिण-पूर्वी गांव खियाम पर हवा से सतह पर मार करने वाली छह मिसाइलें दागीं, जिसमें हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया और दो नागरिक घायल हो गए। एक अलग घटना में, एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिण-पश्चिमी लेबनान के टायर जिले में एक कार पर चार मिसाइलें दागीं, जिसमें हिजबुल्लाह के एक अधिकारी अब्बास इब्राहिम हमजा हमदा की मौत हो गई, जो पश्चिमी क्षेत्र में कमांडर था. सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने नबातिह जिले के हौमीन गांव में एक और कार पर हमला किया, जिसमें उसके चालक हादी जुमा की मौत हो गई. उसके पिता कथित तौर पर हिजबुल्लाह के करीबी थे। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद 8 अक्टूबर, 2023 से लेबनान-इजराइल सीमा पर तनाव काफी बढ़ गया है. उधर, इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में एक फिलिस्तीनी किशोर की हत्या कर दी. सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार फिलिस्तीनी मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 15 साल के नईम अब्दुल्ला नईम सम्हा की इजराइली सेना ने गोलियों से भून डाला। स्थानीय फिलिस्तीनी सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि इजराइली सेना ने शहर पर धावा बोला, जिससे युवकों के साथ टकराव हुआ. इजराइली सेना ने अभी तक इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत की



**वाशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत करते हुए अमेरिका ने कहा है कि दोनों देश स्वयं सीधे संवाद की दिशा तय करेंगे। अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के साथ संबंधों को महत्व देने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई।गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम भारत-पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों को महत्व देते हुए दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं। दोनों देश हिंद-प्रशांत रणनीति पर काम करने वाले भागीदार बने रहेंगे। दरअसल, प्रेस वार्ता के दौरान उनसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल पर बधाई दिए जाने पर अमेरिकी की प्रतिक्रिया के बारे में सवाल किया गया था।

उल्लेखनीय है कि 10 जून को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी थी। साथ ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी मोदी को बधाई देते हुए कहा था कि हालिया चुनाव में भाजपा की सफलता मोदी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शार्ती है। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर दोनों का धन्यवाद किया।

# रूस के हमले से यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की

**कीव।** रूस ने बुधवार रात नौ क्रूज मिसाइलों व 27 ड्रोन से यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। जिसके बाद यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की है। वहीं, यूक्रेन ने भी रूस के तेल डिपो पर ड्रोन से हमले किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच एक दूसरे के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा है कि तीन महीने पहले यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सातवां बड़ा हमला करने वाले रूस ने अब फिर नौ मिसाइलों व 27 शहीद ड्रोन से यूक्रेन के मध्य व पूर्वी क्षेत्र में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। यूक्रेन ने कहा कि सुरक्षाबलों ने रूस के सभी ड्रोन और पांच क्रूज मिसाइलों को रोकने में सफलता हासिल की है।

नेशनल पावर कंपनी यूक्रेनेरगो के अनुसार, रूसी हमले में सात कर्मचारी घायल हुए हैं। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यूक्रेन के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने का उद्देश्य उसकी रक्षा तैयारियों को बाधित करना है। पश्चिमी सैन्य मदद पर निर्भर यूक्रेन सीमित, किंतु तेजी से रक्षा उद्योग को विकसित कर रहा है। इस बीच, रूसी प्राधिकरण के दो रीजन के अधिकारियों ने यूक्रेन द्वारा तेल डिपो को ड्रोन से निशाना बनाने की रिपोर्ट दी है। कहा दो दिन पहले ड्रोन हमले के बाद यूक्रेन ने दूसरी रिफाइनरियों को बड़े पैमाने पर निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार रात किए हमले को भी यूक्रेन के सिक्योरिटी सर्विस यानी एसबीयू ने अंजाम दिया है।

यूक्रेन की मदद के लिए पश्चिमी देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। यूरोपीय संघ के राजदूतों ने रूस के विरुद्ध एक और शक्तिशाली प्रतिबंधों की श्रृंखला पर सहमति जताई है। बेल्जियम के राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इसमें प्रमुख रूप से रूस के लिक्विड नेचुरल गैस (एलएनजी) आयात को निशाना बनाया जाएगा। कहा, इसके बारे में अगले हफ्ते विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस बीच, नाटो सदस्य रोमानिया ने यूक्रेन को पेट्रियट मिसाइल सिस्टम देने की घोषणा की है।

## नेपाल : कैबिनेट ने की भारत समेत आठ देशों के लिए राजदूत के नाम की सिफारिश

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारत, अमेरिका, यूके सहित आठ देशों के लिए अपने राजदूत के नामों की सिफारिश की है। कुछ दिन पहले ही सरकार ने 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का निर्णय लिया था। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में भारत, अमेरिका, यूके, दक्षिण कोरिया, मलेशिया सहित आठ देशों के लिए अपने राजदूत के नाम की सिफारिश की है। विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में 11 देशों में से 8 देशों के नाम की आज सिफारिश की गई है। इन नामों को संसदीय सुनवाई समिति में भेजा जाएगा जहां से अनुमोदन होने के बाद एग्रिमो के लिए संबंधित देशों में भेजा जाएगा। विदेश मंत्री श्रेष्ठ के मुताबिक भारत के लिए लोकदर्शन रेग्मी को राजदूत बनाने की सिफारिश की गई है। रेग्मी नेपाल सरकार के पूर्व चीफ सेक्रेटरी रह चुके हैं। उनकी सिफारिश सत्तारूढ़ गठबंधन के नेपाल कम्यूनिष्ट पार्टी एमाले के तरफ से किया गया है। नेपाल के तरफ से प्रमुख देशों में राजदूत की नियुक्ति राजनीतिक स्तर पर की जाती है। विदेश मंत्री के मुताबिक चन्द्र घिमिरे को अमेरिका, सुशील प्याकुरेल को दक्षिण कोरिया, सुम्निमा तुलाधर को डेनमार्क, डॉ विजन पन्त को यूके, पुष्पराज राजकर्णिकार को स्पेन, नेत्रप्रसाद तिमल्सिना को मलेशया और अबु सुफ्यान खान को साउदी अरब के लिए राजदूत में सिफारिश की गई है।

## गृहमंत्री लामिछाने को बर्खास्त करने की मांग पर नेपाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू

**काठमांडू।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने को बर्खास्त करने को लेकर दायर रिट पर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने शुक्रवार से सुनवाई शुरू की है। अधिवक्ता अनुपम भट्टराई ने उनकी बर्खास्तगी की मांग करते हुए रिट दायर की है। इस रिट में कहा गया है कि पद पर बने रहते रवि लामिछाने के खिलाफ निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। आज सुनवाई के दौरान वकीलों ने कहा कि पहली बात तो नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वो पद नहीं छोड़ते हैं तो इसका सीधा असर इस केस की जांच पर होने लगा है। वकीलों ने यह भी कहा कि जब से रवि लामिछाने गृहमंत्री बने हैं, तबसे उनके खिलाफ सभी आरोपों की जांच बन्द कर दी गई है। लामिछाने अपने पद का दुरुपयोग कर अपने खिलाफ जांच को प्रभावित कर रहे हैं। कोर्ट में बहस के दौरान न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल ने कहा कि गैलेक्सी टीवी में एमडी रहने के दौरान अलग-अलग सहकारी संस्थाओं से लिए गए ऋण में रवि लामिछाने की क्या भूमिका है? जज ने यह भी पूछा कि क्या वो सभी ऋण वापस करने में रवि लामिछाने की कोई जिम्मेदारी बनती है या नहीं? इस पर बहस कल भी जारी रहेगी। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने रवि लामिछाने के खिलाफ देश भर में दर्ज हुई एफआईआर और रिट के दस्तावेज मंगवा लिए हैं। यह सुनवाई कल भी जारी रहेगी और कल फैसला आने की भी उम्मीद है।

## हिजबुल्ला की धमकी, इजराइल का कोई भी हिस्सा नहीं रहेगा हमले से सुरक्षित

**बेरूत।** इजराइल-हमास युद्ध के बीच हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने धमकी दी है कि इजराइल का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं रहेगा। नसरूल्ला ने कहा है कि इजराइल के साथ अगर उनके संगठन का युद्ध हुआ तो उसकी कोई सीमा नहीं होगी। इजरायल पर सभी ओर से हमले होंगे और उसका कोई भी हिस्सा हिजबुल्ला के हमलों से अछूता नहीं रहेगा। नसरुल्ला ने साइप्रस के साथ भी युद्ध की बात कही है, जिसे साइप्रस ने खारिज कर दिया है। हिजबुल्ला नेता ने यह बात इजराइली हमलों में मारे गए संगठन के कमांडरों और लड़ाकों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में कही । नसरुल्ला ने कहा कि उनका संगठन सबसे मुश्किल दौर के लिए तैयार है। वह किसी भी स्तर का तनाव और टकराव झेलने के लिए भी तैयार है। हिजबुल्ला प्रमुख का यह बयान तब आया है जब इजरायली सेना ने संगठन के खिलाफ कार्रवाई के लिए योजना तैयार होने की बात कही है। नसरुल्ला ने कहा कि हम ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हिजबुल्ला की मिसाइल और राकेट इजराइल के किसी भी हिस्से को सुरक्षित नहीं रहने देंगे, वहां भारी तबाही फैलाएंगे। ज्ञात रहे कि ईरान समर्थित हिजबुल्ला गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाई का विरोध कर रहा है और हमास के समर्थन में आठ अक्टूबर, 2023 से इजराइल पर हमले कर रहा है। बीते आठ महीनों से दोनों के बीच लड़ाई चल रही है।

गाजा में रफाह सहित अन्य शहरों में इजराइली हमले जारी हैं। मिस्त्र सीमा पर बसे रफाह में इजरायली सैनिकों और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच आमने-सामने की लड़ाई चल रही है जबकि अन्य इलाकों में इजरायली सेना हवाई हमले कर रही है। गुरुवार को मारे गए लोगों को मिलाकर गाजा में इजरायली हमलों में अभी तक कुल 37,431 फलस्तीनी मारे गए हैं।

## तीस जून के बाद क्रेडिट कार्ड पेमेंट में हो सकती है परेशानी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों की वजह से 30 जून के बाद एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत 26 बैंकों के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को बिल पेमेंट करने में परेशानी आ सकती है। रिजर्व बैंक ने अपने निर्देश में साफ किया है कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के माध्यम से ही प्रोसेस किए जाएंगे, लेकिन 26 बैंकों ने अभी तक बीबीपीएस को एक्टिवेट नहीं किया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः टाइम्स स्क्वायर पर दिखा योग के प्रति व्यापक उत्साह



**न्यूयॉर्कः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले, 'टाइम्स स्क्वायर पर संक्रांति' ने गुरुवार को न्यूयॉर्क शहर में योग के प्रति व्यापक उत्साह दिखाया. टाइम्स स्क्वायर पर दिन भर चलने वाले योग समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. इसमें कहा गया कि योग के दिन भर चलने वाले समारोह, जिसे 'टाइम्स स्क्वायर पर संक्रांति' के रूप में भी जाना जाता है, में सात योग सत्र शामिल थे, जिसमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया, जो न्यूयॉर्क शहर और अमेरिका में योग के प्रति व्यापक उत्साह को दशार्ता है. न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण दोनों के लिए योग के लाभों पर प्रकाश डाला, साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला.

कार्यक्रम में बोलते हुए बिनया प्रधान ने कहा कि आज हम अपने आरआर पार्टनर टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ टाइम्स स्क्वायर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं. जैसा कि आप देख सकते हैं, हमारे पास कई देशों से योग प्रतिभागी हैं, और यह आज पूरे दिन चलने वाला है. हमें उम्मीद है कि आज हमारे साथ लगभग 8,000 से 10,000 प्रतिभागी योग करेंगे. मुझे वास्तव में खुशी है कि इस वर्ष योग दिवस का विषय स्वयं और समाज के लिए योग है. मुझे यकीन है कि यह आज यहां और अमेरिका के अन्य विभिन्न हिस्सों में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा.

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य दूतावास अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों जैसे न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया, मैसाचुसेट्स, वर्मोंट, कनेक्टिकट आदि में एक महीने तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन कर रहा है. इसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है. योग के प्रति उत्साही लोगों की इसमें सक्रिय भागीदारी देखी गई है.

इस वर्ष 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है और इसे 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के तहत मनाया जा रहा है. दिसंबर 2014 में, संयुक्त राष्ट्र ने सर्वसम्मति से भारत की ओर से संचालित एक प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव था, जो कि ग्रीष्म संक्रांति है, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है. इस प्रस्ताव को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महासभा के 69वें सत्र के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में पेश किया था।

अमेरिका में भारतीय दूतावास में उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने कहा कि भारत ने योग को केंद्र में ला दिया है. उन्होंने कहा कि भारत ने इसे केंद्र में लाने, इसे संयुक्त राष्ट्र में ले जाने और इसे एक ऐसा दिन बनाने में जो हम योग की शक्ति को पहचानने और यह पहचानने के लिए एक साथ आते हैं कि योग हमारे जीवन में कैसे मूल्य जोड़ सकता है और कैसे योग बहुत समकालीन है, में जो भूमिका निभाई है।

रंगनाथन ने आगे कहा कि यह 5000-6000 साल पुराना है, हालांकि, यह अभी भी बहुत वर्तमान है. उन्होंने कहा कि यह एक प्राचीन परंपरा है. यह एक कल्याण परंपरा है जो 5000, 6000 साल पुरानी है, लेकिन यह अभी भी बहुत वर्तमान है. उप राजदूत ने आगे जोर देकर कहा कि योग के मूल्य को अब और अधिक सराहना मिली है, उन्होंने कहा कि यह हर परिवार, समुदाय और संस्थान का हिस्सा बन गया है.

उन्होंने एएनआई से कहा कि योग के महत्व को लेकर लोगों में काफी प्रशंसा है. यह वास्तव में हर परिवार, हर समुदाय, हर संस्थान का हिस्सा बन गया है कि वे इस बारे में सोचना शुरू करें कि योग उनके जीवन में कैसे मूल्य ला सकता है और उस समुदाय के सदस्यों और उनके परिवारों को आज दुनिया में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में कैसे मदद कर सकता है। रंगनाथन ने कहा कि अब, युवा लोग और छात्र भी इसमें बहुत शामिल हैं और योग को एक संपूर्ण और समग्र परंपरा के रूप में देखते हैं. उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में जहां भी जाती हूं, वहां युवा लोग, छात्र, विशेष रूप से कॉलेज के बच्चे...इसमें बहुत शामिल होते हैं।